# टीएनएफ टुडे

TNF TODAY

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday tnftoday

www.tnftoday.com / epaper ▮ Trial Edition

▮ पृष्ठ- 08 ▮ वर्ष-01 अंक-7 ▮ मूल्य ₹7 ▮ शनिवार ▮ दिनांक- 4.07.2026


सर्वोदय विद्यालय में बना 10 लाख का जिम (पेज-3)

# चर्चाओं की फुहारों से मथुरा में छाने लगीं सुहावने सावन की सियासी घटाएं

## राजेश चौधरी के बाद भाजपा के प्रांतीय फलक पर चमक सकता है एक और चेहरा



राजेश मिश्रा।

**आगरा।** ब्रज में तो श्रावण मास की महत्ता ही तीनों लोकों से न्यारी है। श्रावण मास आने को है लेकिन, उच्चस्तरीय चर्चाओं की फुहारों से मथुरा में सुहावने सावन की सियासी घटाएं छाने लगी हैं। अगर, इन्हीं चर्चाओं के बदरा छाए रहे और देवों के देव ने प्रसन्न होकर मुहर लगा दी तो मथुरा का एक और भाजपाई चेहरा प्रांतीय फलक पर चमक सकता है। मांट विधायक राजेश चौधरी के संगठन में महामंत्री बनने के बाद मथुरा भाजपा के लिए लगातार ये दूसरी खुशखबरी होगी।

विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल सक्रिय हो चुके हैं। सत्तारूढ़ भाजपा की सक्रियता निरंतरता के चरम की ओर है। लंबे इंतजार के बाद पिछले दिनों ही प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन हुआ है। अब केंद्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की प्रतीक्षा है। लेकिन, इसी बीच प्रदेश में विभिन्न आयोगों के गठन की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। प्रदेश में 8 आयोगों का गठन होना है। इसमें पार्टी के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी जानी है। प्रांतीय स्तर से इन आयोगों के अध्यक्षी के लिए 18 नाम प्रस्तावित किए गए हैं। इनमें से 8 नामों पर मुहर लगनी है।

> बनाया जा सकता है किसी आयोग का अध्यक्ष, नगर विकास की है तमन्ना
>
> 8 आयोगों का होना है गठन, तमाम प्रक्रिया के बाद अध्यक्षी को 18 की सिफारिश, अंतिम मुहर जल्द
>
> आगरा मंडल से केवल मथुरा का ही नाम, पश्चिमी उप्र से भी एक-दो चेहरे कतार में

चर्चा के मुताबिक, आगरा मंडल में से केवल मथुरा का ही एक नाम इन संभावितों में शामिल है। ये लंबे समय से भाजपा से जुड़े हैं। विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं लेकिन, जीत हासिल नहीं हुई थी। पिछले चुनाव में टिकट न मिलने पर दूसरी पार्टी में चले गए और फिर सदर से मैदान में कूदे। मगर, जीत का सेहरा नहीं सजा। इसके बाद वे फिर भाजपा में आ गए थे। भाजपा के कार्यकलापों में वे तब से निरंतर सक्रिय हैं।

चर्चा है कि उनकी इच्छा है कि नगर विकास से संबंधित आयोग की अध्यक्षी मिले। भाजपा अगर उन्हें ये दर्जा देती है तो मथुरा के लिए ये तीसरा अवसर होगा। इससे पहले मथुरा के देवेंद्र शर्मा राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष बनाए जा चुके हैं।

मथुरा-वृंदावन सीट से वे 2012 के चुनाव में मामूली अंतर से कांग्रेस के प्रदीप माथुर से हार गए थे। वर्ष 2017 के चुनाव से ठीक पहले उन्हें राज्य बाल संरक्षण आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। इससे पहले कल्याण सरकार में राज्य मंत्री रहे रविकांत गर्ग को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यापारी कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया था।

### सीएम योगी वाराणसी से शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की देंगे सौगात, 8 को करेंगे शुभारंभ

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ 8 जुलाई को वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके जरिये बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के पात्र शिक्षकों तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अनुरूप कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रभावी और पारदर्शी संचालन के लिए डिजिटल व्यवस्था को अपनाया गया है। इसके लिए विभाग की ओर से पात्र लाभार्थियों का विवरण संकलित करने के लिए ऑनलाइन डेटा संग्रह पोर्टल विकसित किया गया। पोर्टल के माध्यम से शिक्षकों का पंजीकरण, सत्यापन और अनुमोदन डिजिटल प्रक्रिया के जरिये किया जाएगा।

### चंदे पर संग्रामः बीजेपी बोली एसआईटी पर भरोसा रखें, विपक्ष का पलटवार-'असली चेहरा बेनकाब'




एजेंसी, नई दिल्ली।

राम जन्मभूमि मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी के मामले ने उत्तर प्रदेश में जबरदस्त राजनीतिक हलचल मचा दी है। विपक्ष ने सत्ताधारी बीजेपी पर तीखा हमला बोला है, जबकि सरकार का कहना है कि मामले की पारदर्शी जांच चल रही है। इस मामले पर अठकसे बात करते हुए बीजेपी सांसद दिनेश शर्मा ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार ने तुरंत कार्रवाई की है। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रक्ळ जांच के आदेश दिए हैं। रक्ळ जांच चल रही है और पूरी पारदर्शिता के साथ जांच की जा रही है।

लोगों को इंतजार करना चाहिए और भरोसा रखना चाहिए। राज्य के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने अठक से कहा कि पिछली सरकारों के उलट, मौजूदा सरकार भ्रष्टाचार को छिपा नहीं रही है। निषाद ने अठकसे कहा भ्रष्टाचार पहले भी होता था, लेकिन सब कुछ दबा दिया जाता था। [भ्रष्ट लोगों को] संरक्षण मिलता था। हालांकि, हमारे कार्यकाल में ऐसे मामलों का खुलासा हो रहा है और दोषियों को सजा दी जा रही है। जांच पर भरोसा रखना चाहिए। आरोपियों को बचाने और जनता को गुमराह करने वाले बयान देने के बजाय, भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का समर्थन करना चाहिए।

जैन ने कहा, "जब राम लला प्रकट हुए, तो स्थानीय मुसलमानों ने लिखित बयान देकर कहा कि उन्हें बाबरी मस्जिद में कोई दिलचस्पी नहीं है - क्योंकि वहां 1935 से कोई नमाज नहीं पढ़ी गई थी - और उन्होंने इसे हिंदुओं को सौंपने का सुझाव दिया। फिर भी, जवाहरलाल नेहरू ने उनके रुख को नजरअंदाज कर दिया। श्ल्ढ नेता ने आगे आरोप लगाया कि उस समय की सरकार ने मामले को सुलझाने के बजाय उसे और उलझा दिया। मंदिर के निर्माण और फंड को लेकर कांग्रेस की हालिया आलोचनाओं पर कड़ा प्रहार करते हुए जैन ने कहा कि पार्टी की भक्ति दिखावटी है।

# पति की हत्या, बाथरूम में दफनाया शव, ऊपर डलवाया पक्का फर्श

**डेढ़ महीने बाद पत्नी ने खुद खोला राज**



टीएनएफ टुडे, आगरा।

आगरा के सिकंदरा क्षेत्र से रिश्तों को झकझोर देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक महिला पर अपने पति की हत्या कर उसके शव को घर के बाथरूम में दफनाने का आरोप है। इतना ही नहीं, हत्या के बाद उसने बाथरूम का फर्श पक्का करवा दिया ताकि किसी को शक न हो। करीब डेढ़ महीने तक यह राज दफन रहा, लेकिन शुक्रवार को महिला के एक कबूलनामे जैसे फोन ने पूरे मामले का पदार्फाश कर दिया। पुलिस ने जब बाथरूम का फर्श खुदवाया तो नीचे से इंसानी कंकाल बरामद हुआ। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। फिलहाल पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**भरतपुर का रहने वाला था सुरेंद्र**

मूल रूप से राजस्थान के भरतपुर जिले के रंजीतनगर निवासी 44 वर्षीय सुरेंद्र कुमार शर्मा सिकंदरा क्षेत्र की रेणुका धाम कॉलोनी में पत्नी रूबी, मां कमला और दो बेटियों के साथ रह रहा था। परिवार के मुताबिक सुरेंद्र कोई काम नहीं करता था और शराब का आदी था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद और मारपीट होती थी।

**18 मई के बाद अचानक हुआ गायब**

सुरेंद्र के भाई अनिल शर्मा ने बताया कि 18 मई को रूबी ने उन्हें फोन कर कहा कि पुलिस उनके घर दबिश देने आ रही है, इसलिए मां और दोनों बच्चियों को अपने साथ ले जाएं। अनिल तत्काल पहुंचे और मां व दोनों बच्चियों को अपने घर ले गए। अगले दिन रूबी भी वहां पहुंची और बताया कि सुरेंद्र घर छोड़कर कहीं चला गया है। उसने कहा कि वह चार-पांच दिन में लौट आएगा।

**खुद दर्ज कराई गुमशुदगी, पुलिस संग देखे सीसीटीवी**

जब कई दिन तक सुरेंद्र का कोई पता नहीं चला तो 26 मई को रूबी, देवर अनिल के साथ पुलिस चौकी पहुंची और पति की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और रूबी को साथ लेकर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली, लेकिन सुरेंद्र का कोई सुराग नहीं मिला। परिवार के लोगों के अनुसार इस दौरान रूबी सामान्य व्यवहार करती रही। वह पति के गायब होने पर चिंता जताती थी और लोगों के सामने रोती भी थी, जिससे किसी को उस पर शक नहीं हुआ।

**बैंक खाते से बढ़ा शक**

कुछ दिन पहले अनिल अपनी मां को भरतपुर ले गए और उनके बैंक खाते की जांच कराई। परिवार का आरोप है कि मां की पेंशन का पैसा रूबी ही निकालती थी और उन्हें बहुत कम रकम देती थी। इसी बीच अनिल को कुछ बातें संदिग्ध लगीं।

**एक फोन कॉल और खुल गया राज**

शुक्रवार सुबह रूबी ने खुद अनिल शर्मा को फोन कर घर बुलाया। जब अनिल ने फिर पूछा कि सुरेंद्र कहां है तो रूबी ने कथित रूप से कहा कि उसने सुरेंद्र को घर के बाथरूम में गाड़ दिया है। यह सुनते ही अनिल ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

**फर्श तोड़ा तो मिला कंकाल**

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बाथरूम का पक्का फर्श तुड़वाया। खुदाई के दौरान नीचे से इंसानी कंकाल बरामद हुआ। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।

**महिला के बयान में उलझी जांच**

पुलिस हिरासत में महिला हत्या की बात स्वीकार नहीं कर रही है। उसका कहना है कि उसका पति अक्सर शराब पीकर मारपीट करता था। एक दिन उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। डर और बदनामी के कारण उसने शव को बाथरूम में दफना दिया। हालांकि पुलिस महिला के इस दावे की भी जांच कर रही है। पोस्टमार्टम, फोरेंसिक रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट किया जाएगा।

**पुलिस कर रही हर पहलू की जांच**

डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि महिला द्वारा पति के शव को बाथरूम में दफनाने का मामला सामने आया है। महिला से लगातार पूछताछ की जा रही है और सभी तथ्यों की गहन जांच की जा रही है।

### इंस्टाग्राम विज्ञापनों पर सरकार सख्तः

## विज्ञापनों में बाल यौन शोषण से जुड़े कंटेंट दिखाने का आरोप, भेजेगी नोटिस

**नई दिल्ली।** मेटा पर इस समय सरकार की कड़ी नजर है। सूत्रों के मुताबिक आज यानी शुक्रवार को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने मंत्रालय के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण सामग्री को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों को लेकर मेटा को तुरंत तलब करें और जवाब मांगें। लेकिन यहां बात सिर्फ इंस्टाग्राम तक ही सीमित नहीं है। बीते बुधवार को सरकार व्हाट्सएप के प्रस्तावित यूजरनेम फीचर को लेकर भी कंपनी को नोटिस जारी कर चुकी है।

**Instagram Ads मामले में Meta से मांगा जाएगा जवाब**

सूत्रों की मानें तो आईटी मंत्रालय मेटा से यह स्पष्ट करने को कह सकता है कि इंस्टाग्राम पर ऐसे विज्ञापन कैसे दिखाई दिए, जिनका संबंध कथित तौर पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़े कंटेंट से था। इसके अलावा सरकार यह भी जानना चाहती है कि ऐसे मामलों को रोकने के लिए कंपनी ने कौन-कौन से सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। साथ ही विज्ञापन समीक्षा प्रक्रिया कैसे काम करती है, इस पर भी जवाब मांगा जा सकता है।




**एक ही हफ्ते में दूसरी बार सरकार के निशाने पर मेटा**

यह कोई पहली बार नहीं है, जब सरकार ने मेटा से सख्त रुख अपनाया हो, इससे पहले भी बुधवार को केंद्र सरकार ने व्हाट्सएप के प्रस्तावित यूजरनेम फीचर को लेकर कंपनी को नोटिस दिया था, हालांकि अभी तक आईटी मंत्रालय ने दूसरी बार नोटिस दिया नहीं है, लेकिन तैयारी जरुर है। व्हाट्सएप यूजरनेम फीचर पर सरकार ने आशंका जताई थी कि यह ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट स्कैम और फर्जी पहचान बनाकर होने वाले साइबर हमलों को बढ़ावा दे सकता है।

सरकार ने मेटा से कहा था कि जब तक इस मुद्दे पर सरकार के साथ संतोषजनक स्तर पर बातचीत पूरी नहीं हो जाती, तब तक व्हाट्सएप का यूजरनेम फीचर लॉन्च न किया जाए।

### गुजरात में जैश-ए-मोहम्मद का स्लीपर सेल बनाने की साजिश नाकाम, 8 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी आतंकवाद विरोधी कार्रवाई करते हुए जैश-ए-मोहम्मद (खीट) के कथित स्लीपर सेल तैयार करने की साजिश का पदार्फाश किया है। इस अभियान में कुल आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें सात आरोपियों को गुजरात के अलग-अलग इलाकों से जबकि एक आरोपी को मध्य प्रदेश के देवास से पकड़ा गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सभी संदिग्ध इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे।

जांच एजेंसियों के अनुसार, आरोपियों पर युवाओं को कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित कर संगठन के लिए स्लीपर सेल तैयार करने की कोशिश करने का आरोप है। सुरक्षा एजेंसियां अब इनके डिजिटल उपकरणों, चैट रिकॉर्ड और ऑनलाइन गतिविधियों की गहन जांच कर रही हैं। इंटरनेट के जरिए पाकिस्तान से संपर्क प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्लिकेशन के माध्यम से पाकिस्तान में मौजूद कथित संचालकों के संपर्क में थे। एजेंसियां यह भी जांच कर रही हैं कि उन्हें किसी प्रकार की फंडिंग, प्रशिक्षण सामग्री या अन्य निर्देश विदेश से मिले थे या नहीं।जांच के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं।

# मथुराः नगर आयुक्त व्यापारियों को बताएंगे, 15 दिन में हमने क्या-क्या किया?

> शहर की बदहाली पर नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने प्रदर्शन की दी थी चेतावनी
>
> नगर आयुक्त ने 15 दिनों में समस्या समाधान का दिया था आश्वासन, 2 जुलाई को पूरी हो गई मियाद
>
> अब एक-दो दिन में शहर भर के व्यापारियों के बीच आकर नगर आयुक्त गिनाएंगे अपने काम
>
> समस्त व्यापारी संतुष्ट नहीं हुए तो मजबूरन प्रदर्शन करना पड़ेगाः शशि भानु गर्ग

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

पूरा जिस्म छलनी है, दर्द भी परेशां है कि उठें कहां से? कुछ यही हाल है शहर के व्यापारियों का। सड़क निर्माण के नाम पर शहर को जगह-जगह से खोद दिया गया है। वर्षों से बन रही सड़को के फुटपाथ व नाली आज तक ना बनाए जाने, पालिका सचल दल के नाम पर बदसलूकी और गुंडागर्दी करने, बरसात से पूर्व नालों की सफाई, कोतवाली रोड स्थित दुकानों का नामांतरण करने, जवाहरहाट स्थित विस्थापितों को आवंटित प्रतिष्ठानों के ग्रहकर व जलकर जमा करने, भैंस बहोरा स्थित नाले का निर्माण व डलावघर हटाये जाने हेतु व वर्षो से लंबित व्यापारिक समस्याएं लंबित हैं।

जनसमस्याओं पर आवाज बुलंद करना और उनके समाधान के लिए आरपार तक प्रयास करना, ये कोई सीखे नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जैसे संगठन से। एकजुटता ऐसी कि पूरे शहर के व्यापारी एक आवाज पर एक जगह एकत्रित। सिस्टम की आंख और कान खोलने के लिए शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी प्रदर्शन की चेतावनी। सिस्टम तो घबरा गया। प्रदर्शन से ठीक पहले व्यापारियों की मान-मनौव्ल की। वादा किया कि 15 दिन में समस्याओं का यथासंभव समाधान करा दिया जाएगा। दो जुलाई को ये मियाद भी पूरी हो गई। नगर आयुक्त ने दिए गए वादों को काफी हद तक पूरा कर लिया है, इसलिए वे एक झदो दिन में व्यापारियों के बीच में आकर बताएंगे कि इस दौरान नगर निगम ने क्या-क्या किया है? महामंत्री शशिभानु गर्ग ने तो कह दिया है कि अगर शहर के सभी व्यापारी आपके काम से संतुष्ट होंगे तो ठीक, अन्यथा विशाल प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

शहर की व्यापारिक समस्याओं को लेकर नगर के व्यापारियों ने 18 जून को नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले होली गेट चौराहे से जोरदार प्रदर्शन करते हुए नगर निगम कार्यालय तक मार्च करने की चेतावनी दी थी। नगर में स्थित लगभग पांच दर्जन क्षेत्रीय इकाइयों ने इस प्रदर्शन के लिए कमर कस ली थी। व्यापारियों के इस प्रदर्शन की भनक लगते ही नगर आयुक्त जग प्रवेश ने पहल करते हुए व्यापार मण्डल के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ बैठक की और समस्याओं के यथासंभव समाधान के लिए 15 दिन का समय मांगा। इस पर व्यापारियों ने अपना प्रदर्शन स्थगित कर दिया था।

नगर उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री शशि भानु गर्ग ने बताया कि दो जुलाई को 15 दिन हो गए हैं। नगर आयुक्त ने काफी समस्याओं के समाधान की बात कही है। इस पर श्री गर्ग ने कहा कि शहर के भर के व्यापारियों को बताइए। वे संतुष्ट हो गए तो ठीक, वरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए नगर आयुक्त एक-दो दिन में ही व्यापारियों के बीच आएंगे।

**ये हैं समस्याएं**

1- निर्माण के नाम पर पूरा शहर खोद कर डाल दिया गया है। जिसके चलते व्यापार प्रभावित हो रहे हैं।

2- गंगाजल पाइप लाइन डालने के लिए गुरूद्वारा मसानी से लेकर जन्मभूमि होते हुये भूतेश्वर चैराहे तक सड़क खोदी गयी है जिसके गिट्टी, पत्थर तथा अन्य मैटेरियल विभिन्न स्थानों पर पड़े हैं जिसके चलते दुर्घटनायें हो रही हैं।

3- प्रवर्तन दल के माध्यम से व्यापारियों का प्लास्टिक व अतिक्रमण के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है।

4- शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी नालों की तत्काल सफाई आवश्यक है।

5- कोतवाली रोड स्थित भैंस बहोरा मार्ग जोकि मथुरा जंक्शन से शहर को जोड़ने तथा लगभग आधा दर्जन विद्यालय, महाविद्यालय आदि को जोड़ने वाला मार्ग है उक्त मार्ग पर नाला निर्माण एवं उसे ढ़कने के साथ-साथ डलावघर हटाने एवं सम्पूर्ण मार्ग पर स्ट्रीटलाइट की व्यवस्था।

6- कोतवाली रोड़ के व्यवसायियों (निगम के किरायेदारों) द्वारा लगभग 2 वर्ष पूर्व नामांकरण हेतु निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन किया था किन्तु नामान्तरण नहीं किया।

7- जवाहर हाट पर स्थित पाकिस्तान से आये विस्थापित दुकानदारों निवासियों को नगर निगम द्वारा तीन बार बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित कर उन्हें मालिकाना हक प्रदान किये जाने तथा बार-बार अनुरोध के बावजूद उनकी हाऊस टैक्सवाटर टैक्स की रसीदें नहीं काटी जा रही।

8- 'आर्य समाज बंगाली घाट रोड़ स्थित खोका दुकानदारों एवं जिला अस्पताल के बाहर के खोखा दुकानदारों की समस्याएं।

## दिल्ली में अवैध कब्जों पर जीरो टॉलरेंस:

# टेक्नोलॉजी से होगी जमीन-भवनों की निगरानी, एलजी ने डीडीए को दिए निर्देश

एजेंसी, नई दिल्ली।

राजधानी में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे और बिना अनुमति के निर्माण पर अब सख्त कार्रवाई होगी। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राजधानी में कहीं भी अतिक्रमण के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। इसके लिए ड्रोन, जियो-टैगिंग और रियल-टाइम डिजिटल मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर अवैध कब्जों और निर्माण की तत्काल पहचान कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यमुना के बाढ़ क्षेत्र (ओ-जोन) सहित संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

डीडीए की शुक्रवार को हुई सलाहकार परिषद की बैठक में उपराज्यपाल ने निर्देश दिए कि सरकारी जमीनों और भवनों की निगरानी पूरी तरह तकनीक आधारित बनाई जाए। इसके लिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किया जाएगा, ताकि कहीं भी अवैध कब्जा या निर्माण शुरू होते ही उसकी जानकारी मिल सके और तत्काल कार्रवाई की जा सके। डीडीए ने बताया कि खाली सरकारी जमीनों के 3,700 से अधिक भूखंडों, जिनका कुल क्षेत्रफल करीब 21,773 एकड़ है, की जियो-टैगिंग कर नियमित निगरानी की जा रही है।



### यमुना के बाढ़ क्षेत्र पर विशेष नजर

बैठक में बताया गया कि डीडीए, एमसीडी और सर्वे ऑफ इंडिया के संयुक्त अभियान के तहत पूरी दिल्ली का ड्रोन सर्वे कराया जा रहा है। 1,370 वर्ग किलोमीटर में प्रस्तावित सर्वे में अब तक 1,122 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र कवर किया जा चुका है। यमुना के पूरे ओ-जोन का ड्रोन सर्वे पूरा हो चुका है, जिससे बाढ़ क्षेत्र में हुए अतिक्रमण और अवैध निर्माण की सटीक पहचान कर कार्रवाई तेज की जा सकेगी।

### 14 फ्लाइंग स्क्वॉड कर रहे निगरानी

डीडीए ने बैठक में जानकारी दी कि भूमि संरक्षण के लिए 14 फ्लाइंग स्क्वॉड और फील्ड सर्वे टीमें रोजाना निरीक्षण कर रही हैं। अप्रैल 2025 से अब तक करीब 241.51 एकड़ सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। इसके अलावा विकास क्षेत्रों में 235.96 एकड़ भूमि से अवैध निर्माण हटाए गए हैं।

### मास्टर प्लान के अनुरूप विकास पर जोर

बैठक में राजधानी के सतत और नियोजित शहरी विकास की रणनीति पर भी चर्चा हुई। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए पारदर्शिता, तकनीक और विभिन्न एजेंसियों के बेहतर समन्वय पर आधारित व्यवस्था विकसित करना जरूरी है। उनका कहना था कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण के साथ राजधानी को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और रहने योग्य बनाया जा सकेगा।

### अवैध निर्माण कराने वालों पर भी होगी कार्रवाई

उपराज्यपाल ने अवैध निर्माण के मामलों में केवल भवन मालिकों ही नहीं, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वाले आर्किटेक्ट्स पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। ऐसे मामलों में संबंधित आर्किटेक्ट्स को डी-एम्पैनल करने और ब्लैकलिस्ट करने के साथ जर्जर एवं असुरक्षित भवनों की सूचना तत्काल एमसीडी को भेजने को कहा गया है। वहीं लैंड पूलिंग क्षेत्रों में अवैध निर्माण रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड और क्विक रिस्पॉन्स टीमों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए।

## सिंधु जल संधि पर क्यों है भारत का सख्त रुख?: एमईए की पाक को दो टूक- आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद करे

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत सरकार ने पाकिस्तान की ओर से लगातार उठाए जा रहे सिंधु जल संधि के मुद्दे पर करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पड़ोसी देख को चेतावनी देते हुए कहा कि पाकिस्तान को सीमा-पार आतंकवाद को अपना समर्थन भरोसेमंद और पक्के तौर पर छोड़ना होगा।



### भारत ने पाकिस्तान को लगाई लताड़

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सिंधु जल संधि पर भारत का रुख पहले जैसा ही है। पाकिस्तान की ओर से लगातार सीमा पार आतंकवाद को समर्थन दिए जाने के कारण यह संधि फिलहाल स्थगित है। अगर पाकिस्तान चाहता है कि इस पर आगे बात हो, तो उसे सीमा पार आतंकवाद का समर्थन हमेशा के लिए पूरी तरह बंद करना होगा।

### वेनेजुएला के सामने उठाया शव से कथित छेड़छाड़ का मामला

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, वेनेजुएला में ड्यूटी के दौरान जहाज पर जान गंवाने वाले भारतीय नाविक राकेश चौहान के शव के साथ कथित छेड़छाड़ और अंग निकाले जाने के मामले को भारत ने वेनेजुएला सरकार के सामने उठाया है। हमने वहां की सरकार से इस मामले की जल्द और निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया है।

### तीस्ता नदी परियोजना पर क्या कहा?

तीस्ता नदी परियोजना पर प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत की ओर से मदद दोनों देशों की आपसी सहमति से बने रोडमैप के आधार पर दी जाती है। इसकी नियमित समीक्षा भी की जाती है। तीस्ता नदी परियोजना पर भारत अपने विचार पहले ही बांग्लादेश को बता चुका है। इस मुद्दे पर आगे की अपनी नीति बनाने समय हम संभी संबंधित पहलुओं को ध्यान में रखेंगे।

ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में भेजे गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल पर रणधीर जायसवाल ने कहा, बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा आज तेहरान गए हैं। वे सर्वोच्च नेता के निधन के बाद आयोजित अंतिम संस्कार समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अफगानिस्तान के मामले में, हमने पाकिस्तान से अफगानिस्तान पर हुए हवाई हमलों की कड़ी निंदा की थी, जिनमें महिलाओं और बच्चों समेत कई आम नागरिकों की जान चली गई थी। हमने इन कीमती जानें जाने पर अपनी संवेदना व्यक्त की थी। साथ ही, हमने अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति अपना मजबूत समर्थन भी दोहराया था। जहां तक अफगानिस्तान को दिए जा रहे समर्थन की बात है, तो हमारा मानवीय सहायता का सहयोग जारी है। हम उन्हें दवाइयां भेजते रहे हैं। हम उन्हें अन्य तरह की मदद भी भेजते रहे हैं।

## संघ: मंदिर चढ़ावा चोरी पर संघ ने जारी किया बयान

# कहा- चोरी की घटना से राम भक्तों की श्रद्धा को आघात पहुंचा

एजेंसी, नई दिल्ली।

अयोध्या स्थित श्री रामलला मंदिर में चढ़ावे से जुड़ी कथित चोरी की घटना को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कड़ा रुख अपनाया है। संघ ने इस घटना को केवल एक सामान्य आपराधिक मामला नहीं, बल्कि करोड़ों राम भक्तों की आस्था और श्रद्धा पर गंभीर चोट बताया है। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मंदिर की व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग की है।

एसआईटी जांच और प्रशासनिक कार्रवाई आरएसएस ने जानकारी दी कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के आग्रह पर उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (रक्ळ) का गठन किया है। जांच प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और शुरूआती सिफारिशों के आधार पर कानूनी कार्रवाई भी आगे बढ़ाई जा रही है। संघ ने स्पष्ट कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ कानून के तहत कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



### संघ का बयान: आस्था से जुड़ा गंभीर मामला

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की ओर से जारी बयान में कहा गया कि श्री राम जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर लंबे संघर्ष और करोड़ों भक्तों के समर्पण का प्रतीक है। यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। बयान में कहा गया कि मंदिर के दान पात्रों से धनराशि की चोरी की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। संघ ने जोर देकर कहा कि इस घटना को सामान्य चोरी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे आस्था से जुड़े गंभीर अपराध के रूप में समझना होगा।

मंदिर प्रबंधन पर सुधार की आवश्यकता बयान में संघ ने मंदिर प्रशासन और प्रबंधन व्यवस्था पर भी ध्यान देने की आवश्यकता जताई। आरएसएस ने कहा कि यह घटना इस बात का संकेत है कि प्रबंधन प्रणाली में कुछ कमियां मौजूद हैं, जिन्हें तत्काल दूर किया जाना चाहिए। संघ ने सुझाव दिया कि वित्तीय लेनदेन में अधिक पारदर्शिता, मजबूत निगरानी व्यवस्था और आधुनिक सुरक्षा प्रणाली को लागू किया जाए। इससे न केवल मंदिर की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि श्रद्धालुओं का विश्वास भी और मजबूत होगा।

भ्रम और असमंजस खत्म करने पर जोर आरएसएस ने यह भी कहा कि वर्तमान में इस घटना को लेकर जो भ्रम और असमंजस की स्थिति बनी है, उसे जल्द से जल्द दूर किया जाना चाहिए। मंदिर प्रबंधन और संबंधित एजेंसियों को मिलकर स्थिति स्पष्ट करनी होगी ताकि श्रद्धालुओं के बीच अनावश्यक आशंका न फैले।

### बदरीनाथ धाम चढ़ावा प्रकरण की जांच के आदेश, BKTC अध्यक्ष ने कहा-दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

चमोली/ देहरादून। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले के बादअ बदरीनाथ धाम में चढ़ावे एवं दान में कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है। इस पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर बदरीनाथ धाम में चढ़ावे व दान में हेराफेरी के संबंध में जो आरोप लगाए गए हैं, उन्हें मंदिर समिति ने अत्यंत गंभीरता से लिया है।

इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष व तथ्यपरक जांच के लिए जांच समिति गठित करने के आदेश दे दिए गए हैं। इस मामले में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जांच पूरी होने के बाद अगर कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कहा कि सोशल मीडिया पर जिस कर्मचारी को उनका निजी सचिव बताया जा रहा है, वह उनका कोई निजी सचिव नहीं है। संबंधित कर्मचारी बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का नियमित सरकारी कर्मचारी है और वैयक्तिक सहायक के रूप में पूर्व में भी मंदिर समिति के तीन अध्यक्षों के साथ कार्य कर चुका है। इसलिए सोशल मीडिया पर उसके संबंध में प्रसारित किये जा रहे आरोप सही पाये जाते है तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पाकिस्तान: बलूचिस्तान में भारी बारिश के कारण चार लोगों की मौत, कई घायल

एजेंसी, इस्लामाबाद।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के कुछ हिस्सों में भारी मानसूनी बारिश के बाद झोब और खुजदार इलाकों में दो घरों की छतें ढहने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

अधिकारियों के अनुसार, मानसून से पहले की बारिश ने बलूचिस्तान के कई हिस्सों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि अचानक आई बाढ़ के कारण कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई, जो एक जिले को दूसरे से जोड़ती थीं। भारी बारिश के कारण घर, फसलें और बुनियादी ढांचा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

बाचा खान स्कूल के पास और झोब के शम्सी कॉलोनी में छत गिरने की घटनाएं हुईं, जहां भारी बारिश के बाद दो मिट्टी के घरों की छत गिर गई। स्थानीय प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि मलबे के नीचे दबने से एक महिला और दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि इस घटना में प्रभावित दोनों परिवारों के करीब 10 से अधिक सदस्य घायल हुए है। घटना के बाद पुलिस, जिला प्रशासन के अधिकारी और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव



अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया, "बचावकर्मियों ने शवों को निकाला और घायलों को निकालकर झोब स्थित अस्पताल में भर्ती कराया।"

उन्होंने आगे बताया कि गंभीर रूप से घायल लोगों को विशेष उपचार के लिए क्वेटा रेफर कर दिया गया है। चिकित्सा-कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। खुजदार जिले में बारिश से संबंधित एक घटना में एक बच्चे की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान के कई इलाकों में भारी बारिश और आंधी-तूफान के कारण मिट्टी के घर क्षतिग्रस्त हो गए और पेड़ व होर्डिंग उखड़ गए।

खराब मौसम के कारण क्वेटा समेत बलूचिस्तान के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। गुरुवार को रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता फारूक अहमद ने बताया कि पाकिस्तान के पंजाब में पिछले 24 घंटों में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता ने बताया कि तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण दीवारों, छतों और एक होर्डिंग के गिरने से हताहत हुए। अटक में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। प्रवक्ता के अनुसार, पारा शाहीन बाग में एक घर की छत गिरने से तीन लोग घायल हो गए। खुशब के कैदाबाद इलाके में बिजली गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया, जबकि सरगोधा में तेज हवाओं के कारण एक साइनबोर्ड गिरने से एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

### पंजाब की राजनीति में बड़ी हलचल: गृह मंत्री अमित शाह से मिले सांसद सुखजिंदर रंधावा, खुद बताया क्या बात हुई

चंडीगढ़। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले सियासत गरमा गई है। कांग्रेस में रार उभरने लगी है। अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को प्रदेश पार्टी प्रधान बनाए रखने के फैसले के बाद कई वरिष्ठ नेताओं में नाराजगी है।

इसी बीच सांसद और पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर सिंह रंधावा गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के बाद रंधावा ने कहा कि मैंने शाह से पंजाब की कानून व्यवस्था पर बात की। सूत्रों के अनुसार, शाह से रंधावा की मुलाकात राज्यसभा सांसद तरुण चुघ ने करवाई है।

कांग्रेस में नई नियुक्तियों पर रंधावा ने कहा कि इस बात पर गौर करना जरूरी है कि हालात इस मोड़ तक नहीं पहुंचने चाहिए थे। इतनी सारी बैठकें करने के बाद भी संतुष्टि न मिलना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है।

मुलाकात के बाद रंधावा ने कहा कि उन्होंने लगभग दो महीने पहले, चार जून को प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा था और उसकी एक कॉपी गृह मंत्री को भी भेजी थी। इसमें पंजाब के हालात, खासकर गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन और पठानकोट जैसे सीमावर्ती जिलों की स्थिति का जिक्र था।

### फोन दिखाकर भारत पर क्या बोल गया अमेरिका, फिर लगा झटका!

वाशिंगटन। अमेरिका के एक बड़े नेता ने अचानक अपना फोन उठाया और भारत पर बड़ा ऐलान कर दिया लेकिन इसी के साथ अमेरिका ने एक बड़ी गलती भी कर दी। गलती भी ऐसी जो अमेरिका के पतन का कारण बनने वाली है। एक कार्यक्रम में अमेरिकी सेनेटर स्टीव डेंस ने अचानक अपना फोन उठाया और भारत पर बड़ा बयान दे दिया। अमेरिकी सेनेटर स्टीव डेंस ने कहा कि मैं जब भी चीन जाता हूं तो मेरा यह फोन मेरे साथ बीजिंग नहीं जाता। यह फोन वाशिंगटन में मेरे डेस्क पर ही रहता है। लेकिन जब मैं भारत जाता हूं तो यह फोन मेरे साथ रहता है। यही एक भरोसेमंद सहयोगी और दोस्त होने का उदाहरण है। मैं चीन के लिए ऐसा नहीं कह सकता। 'इनमें सबसे ज्यादा पाकिस्तान के ट्रस्टेड पाकिस्तानी है। हाल ही में एक खबर आई थी कि मुस्लिम टेक्सास के अंदर एक शरिया शहर बनाने की तैयारी में थे। यहां पर सिर्फ मुस्लिमों को घर मिलता, हलाल सर्टिफाइड सामान, शरिया स्कूल और होटल सब बनने थे। यानी टेक्सास के अंदर एक मुस्लिम शहर बसाने की तैयारी थी। हालांकि अमेरिकियों के विरोध के बाद इस प्रोजेक्ट को फिलहाल रोक दिया गया है। इससे भी हैरान करने वाली बात यह है कि टेक्सास में एक भारतीय को अपना घर बेचने से पहले भगवान गणेश की मूर्ति हटानी पड़ गई क्योंकि भगवान गणेश की मूर्ति के चलते मुस्लिम यह घर लेने को तैयार नहीं थे।

## फ्रांस के जंगलों में धधकी आग, 800 से अधिक दमकलकर्मी मोर्चे पर, भीषण गर्मी ने बढ़ाई मुश्किलें

एजेंसी, पेरिस।

दक्षिणी फ्रांस में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और लंबे समय से बने सूखे के बीच जंगलों में लगी आग ने हालात को गंभीर बना दिया है। औडे और हेराल्ट क्षेत्रों में भड़की आग तेजी से फैलकर लगभग 900 हेक्टेयर वन क्षेत्र को अपनी चपेट में ले चुकी है। आग पर काबू पाने के लिए बड़े स्तर पर राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों दमकलकर्मी, भारी संख्या में अग्निशमन वाहन और हवाई संसाधन जुटाए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

800 से अधिक दमकलकर्मी और वाटर बॉम्बर विमान तैनात स्थानीय प्रशासन के अनुसार, आग बुझाने के लिए 800 से अधिक दमकलकर्मी, करीब 150 दमकल वाहन और चार वाटर बॉम्बर विमान लगातार अभियान चला रहे हैं। हवाई और जमीनी दोनों स्तरों पर आग को फैलने से रोकने के प्रयास जारी हैं। प्रशासन का कहना है कि प्राथमिक लक्ष्य आग को आबादी वाले क्षेत्रों तक पहुंचने से रोकना और प्रभावित जंगलों में उसकी तीव्रता को कम करना है।



कई स्थानों पर खतरा बरकरार

अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसी क्षेत्रों में लगी दो अन्य जंगल की आग पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया गया है। हालांकि, प्रभावित क्षेत्रों में कई स्थानों पर आग अब भी पूरी तरह नहीं बुझी है और दमकल दल लगातार निगरानी कर रहे हैं। तेज हवाओं और सूखी वनस्पतियों के कारण आग के दोबारा भड़कने की आशंका बनी हुई है। इस वर्ष 7,000 से अधिक जंगल की आग की घटनाएं फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने बताया कि इस वर्ष गर्मियों की शुरूआत के बाद से देशभर में जंगलों में आग लगने की 7,000 से अधिक घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं। इन घटनाओं में अब तक लगभग 8,700 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल चुका है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिस्थितियां लगातार चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं और गर्मी, सूखा तथा कम वर्षा जंगल की आग के जोखिम को बढ़ा रहे हैं। सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में सभी संबंधित एजेंसियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

तेज हवाएं बढ़ा रही हैं चुनौती औडे क्षेत्र के प्रीफेक्ट एलेन बुकेट ने कहा कि दमकलकर्मी दिन-रात आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके अनुसार, सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्र में चल रही तेज हवाएं हैं, जो आग को तेजी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक फैलाने में मदद कर रही हैं। उन्होंने बताया कि भूमध्यसागरीय तट से सटा यह इलाका पहले से ही जंगल की आग के लिहाज से अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है और गर्मियों के मौसम में यहां विशेष सतर्कता बरती जाती है।

रिजॉर्ट और शिविरों से लोगों को सुरक्षित निकाला गया इस बीच, दक्षिणी फ्रांस में टेट नदी के आसपास जंगल में आग फैलने के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर एक रिजॉर्ट के निकट स्थित शिविरों (कैंप साइट्स) से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। स्थानीय प्रशासन ने संभावित खतरे को देखते हुए क्षेत्र के सभी लाइफगार्ड स्टेशन अस्थायी रूप से बंद कर दिए हैं। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे नदी में तैराकी या अन्य जल गतिविधियों से फिलहाल बचें। मौसम विभाग ने जारी की नई चेतावनी फ्रांस के मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में भी मौसम में कोई बड़ा बदलाव आने की संभावना नहीं है। पूर्वानुमान के अनुसार, वर्षा की संभावना बेहद कम है, जबकि तापमान सामान्य से अधिक बना रह सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि सूखा और गर्म हवाओं का सिलसिला जारी रहा, तो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में जंगल की आग की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर फिर बढ़ी चिंता विशेषज्ञों का मानना है कि यूरोप में हाल के वर्षों में बढ़ती गर्मी और लंबे सूखे की घटनाएं जंगल की आग की गंभीरता को बढ़ा रही हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि, कम वर्षा और शुष्क वनस्पतियां आग के तेजी से फैलने के लिए अनुकूल परिस्थितियां तैयार कर रही हैं। फिलहाल फ्रांस की आपदा प्रबंधन एजेंसियां प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव अभियान जारी रखे हुए हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और आग प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## महबूबा मुफ्ती पहुंचीं तेहरान: अयातुल्ला खामेनेई को दी श्रद्धांजलि, बोलीं- यहां आना मेरे लिए सम्मान

एजेंसी, श्रीनगर।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को तेहरान पहुंचकर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने तेहरान आकर व्यक्तिगत रूप से शोक और एकजुटता जताने को अपना सम्मान बताया।एक्स पर पोस्ट में महबूबा मुफ्ती ने लिखा ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की शहादत पर गहरी संवेदना और एकजुटता जताने के लिए तेहरान में मौजूद रहना मेरे लिए सम्मान की बात है एक ऐसे सम्मानित नेता जो धारा के खिलाफ खड़े होने का साहस रखते थे और शोषितों के लिए लड़े। मुफ्ती ईरान में आयोजित शोक समारोहों में शामिल होने के लिए तेहरान गई थीं, जहां वह अन्य गणमान्य लोगों और शोकाकुलों के साथ शामिल हुईं। उन्होंने अयातुल्ला खामेनेई को



वैश्विक अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने और शोषितों का हक उठाने वाला नेता बताया। इससे पहले महबूबा को ईरानी अधिकारियों की ओर से तेहरान में शोक समारोहों में शामिल होने का आधिकारिक निमंत्रण मिला था। जम्मू-कश्मीर से चुनिंदा आमंत्रित लोगों में वह भी शामिल थीं, जिनमें कई प्रमुख शिया धर्मगुरु भी थे। क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान के बीच कई देशों के राजनीतिक नेता और धार्मिक प्रतिनिधि तेहरान में शोक समारोहों में हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

### नौशेरा के बग्नोटी में भीषण सड़क हादसा, कार-बस की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

जम्मू। नौशेरा जिले के बग्नोटी इलाके में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक बलेनो कार और स्लीपर बस के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार एक व्यक्ति ने मौके पर ही मौत हो गया जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# डीएम के निरीक्षण में छीपीटोला स्कूल को मिली सराहना, रोहता की प्रधानाध्यापिका निलंबित





- पीएम श्री विद्यालय रोहता में मिलीं गंभीर खामियां, बीएसए को चार्जशीट जारी करने और रिपोर्ट भेजने के निर्देश



टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के तहत प्राथमिक विद्यालय छीपीटोला और पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रोहता का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छीपीटोला विद्यालय की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर पूरे शैक्षिक स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देने के निर्देश दिए गए, जबकि रोहता विद्यालय में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता सक्सेना को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के बाद जिलाधिकारी सीधे प्राथमिक विद्यालय छीपीटोला पहुंचे। यहां उन्होंने कक्षा तीन, पांच और दो का निरीक्षण कर बच्चों से संवाद किया। बच्चों ने हिंदी-अंग्रेजी की पुस्तकें पढ़कर सुनाईं, गिनती और पहाड़े सुनाए तथा सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। जिलाधिकारी ने स्वयं ब्लैकबोर्ड पर बच्चों को पढ़ाया और उनके शैक्षणिक स्तर पर संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, उपस्थिति रजिस्टर और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की भी जांच की गई। विद्यालय में 146 छात्र नामांकित पाए गए। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए एलईडी लाइट लगाने और बच्चों के सामान्य ज्ञान व व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। विद्यालय की व्यवस्थाएं बेहतर मिलने पर पूरे शैक्षिक स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देने को कहा। इसके बाद जिलाधिकारी पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रोहता पहुंचे। यहां निरीक्षण में कई खामियां सामने आईं। विद्यालय में 235 छात्र नामांकित हैं, जबकि निरीक्षण के समय केवल 108 छात्र उपस्थित मिले।

रसोईघर में राशन व्यवस्था अव्यवस्थित मिली और कई आवश्यक सामग्री मौके पर नहीं मिली। शिक्षकों ने स्वीकार किया कि वे बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन नहीं करते और अपना भोजन घर से लाते हैं। कंप्यूटर कक्ष में स्मार्ट टीवी अनुपयोगी अवस्था में मिली।

खेल सामग्री, खेल किट, संगीत यंत्र और अन्य शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग भी नहीं हो रहा था। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई का अभाव मिला तथा कक्षा संचालन के दौरान बच्चे बाहर खेलते पाए गए। इन कमियों पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता सक्सेना को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने, चार्जशीट जारी करने तथा शासन को रिपोर्ट भेजने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सिंह को दिए।

जिलाधिकारी ने बीडीओ बरौली अहीर, एडीओ पंचायत और खंड शिक्षा अधिकारी को मौके पर तलब कर विद्यालय की साफ-सफाई, संसाधनों के उपयोग और अन्य कमियों को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षकों को नए नामांकन बढ़ाने, समय से विद्यालय पहुंचने, बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी नगर सुमित कुमार, डीसी बालिका कुलदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सर्वोदय विद्यालय में बना 10 लाख का अत्याधुनिक जिम

## समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 लाख की लागत से तैयार हुआ पावर लिफ्टिंग जिम

- आधुनिक उपकरणों से लैस जिम में प्रशिक्षण लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकेंगे ग्रामीण छात्र

टीएनएफ टुडे,



**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीण और वंचित तबके के छात्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। 'खेलो इंडिया' और प्रदेश की खेल प्रोत्साहन नीतियों को धरातल पर उतारते हुए योगी सरकार ने आगरा जनपद के इटौरा स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के खिलाड़ियों को एक बड़ी सौगात दी है। समाज कल्याण विभाग की ओर से विद्यालय में 10 लाख रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक पावर लिफ्टिंग जिम तैयार किया गया है। आधुनिक उपकरणों से लैस इस जिम के शुरू होने से अब विद्यालय के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा, जिससे वे पावर लिफ्टिंग सहित अन्य खेलों में देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय इटौरा के होनहार खिलाड़ी पहले से ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

गौरतलब है कि बीते साल श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित 'वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025' में इस विद्यालय के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया था। वहीं उनके ही शिष्य और कक्षा 11 के होनहार छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया था। इसके अलावा भी विद्यालय के 15 से अधिक छात्र प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पदक जीत चुके हैं। इन उपलब्धियों को देखते हुए ही योगी सरकार ने यहाँ खेल सुविधाओं को और मजबूत करने का निर्णय लिया है।

### प्रतिभाओं को मिलेगा नया और सशक्त मंच

अत्याधुनिक जिम की स्थापना से सर्वोदय विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने का एक सुनहरा अवसर मिलेगा। अत्याधुनिक मशीनों और सुविधाओं के अभाव में जो होनहार खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्पधार्ओं में पिछड़ जाते थे, वे अब इस जिम में पसीना बहाकर अपने सपनों को नई उड़ान दे सकेंगे। खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में अग्रणी इस विद्यालय की खेल सुविधाओं को इस उपहार ने और भी ज्यादा मजबूत कर दिया है।

### प्रतिभाओं को मंच देना सरकार की प्राथमिकता

जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की स्पष्ट मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों और आवासीय विद्यालयों के बच्चों को भी महानगरों जैसी बेहतरीन खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अमित चतुर्वेदी द्वारा 'शिक्षा और संस्कार' पर दिया गया व्याख्यान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

शिक्षा और संस्कार। ये दो शब्द नहीं, जीवन के दो पहिए हैं। एक के बिना दूसरा अधूरा है। यह उदगार सरस्वती विद्या मंदिर के नवागत प्राचार्य अमित चतुर्वेदी के द्वारा वंदना सत्र में प्रकट किए गए। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों का ज्ञान, अंकतालिका में 90% लाना या नौकरी पाने का साधन नहीं है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था - ''शिक्षा वह है जो मनुष्य के अंदर की पूर्णता को प्रकट कर दे।''

आज हम देखते हैं कि बच्चा मोबाइल चलाना जानता है, कोडिंग कर लेता है, पर माता-पिता के पैर छूना भूल गया है। यह शिक्षा है, पर इसमें संस्कारो का अभाव है। संस्कार वह दीपक है जो शिक्षा के ज्ञान को दिशा देता है। संस्कार का अर्थ है - उठना-बैठना, बोलना, सोचना, व्यवहार करना। बिना संस्कार की शिक्षा, बिना लगाम के घोड़े जैसी है। वह दौड़ेगी जरूर, पर गिराएगी कहाँ, पता नहीं। जीवन के प्रकाश का नाम है शिक्षा। शिक्षा वह है जो मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करें, ह्रदय को करुणा दे और हाथों को हुनर दे। सर्वांगीण विकास शिक्षा और संस्कार के मिश्रण से ही सम्भव है। हम मानते हैं कि लैपटॉप चलाने वाला हाथ यदि बड़ों को प्रणाम न कर सके, तो वह शिक्षा किस काम की? यहाँ विज्ञान के साथ यज्ञ भी है, गणित के साथ गीता भी है। क्योंकि हमारा लक्ष्य केवल डॉक्टर-इंजीनियर बनाना नहीं, इंसान बनाना है।



# डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग की अभिनव पहल

## निःशुल्क वैल्यू-एडेड कोर्स का सफल समापन, प्रतिभागियों को मिले प्रमाण-पत्र

टीएनएफ टुडे, आगरा।

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के के.एम. इंस्टीट्यूट स्थित विदेशी भाषा विभाग द्वारा आयोजित एक माह के निःशुल्क वैल्यू-एडेड कोर्स "Basic Knowledge of Russian, French & German Languages" का समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह शुक्रवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समारोह में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभागियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। विदेशी भाषा विभाग द्वारा 1 जून से 30 जून 2026 तक संचालित इस विशेष पाठ्यक्रम के लिए लगभग 300 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक, प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी तथा निजी एवं सरकारी क्षेत्रों से जुड़े पेशेवर शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रूसी, फ्रेंच एवं जर्मन भाषाओं की आधारभूत जानकारी, दैनिक संवाद, प्रारंभिक व्याकरण, उच्चारण तथा संबंधित देशों की संस्कृति एवं परंपराओं से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप बहुभाषिक शिक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है। विदेशी भाषाओं का ज्ञान न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवाद स्थापित करने में सहायक है, बल्कि उच्च शिक्षा, शोध, रोजगार एवं वैश्विक अवसरों के नए द्वार भी खोलता है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ऐसे नवाचारपूर्ण एवं व्यावहारिक पाठ्यक्रमों का निरंतर आयोजन करता रहेगा। के.एम. इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. प्रदीप श्रीधर ने कहा कि वर्तमान वैश्विक एवं प्रतिस्पर्धी परिवेश में विदेशी भाषाओं का ज्ञान विद्यार्थियों की अकादमिक और व्यावसायिक क्षमता को नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को ऐसे व्यावहारिक कौशल उपलब्ध कराना है जो उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएँ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। विमलेश द्विवेदी ने कहा कि इस पाठ्यक्रम से उन्हें रूसी, फ्रेंच एवं जर्मन भाषाओं की आधारभूत जानकारी प्राप्त हुई, जिससे विदेशी भाषाओं के अध्ययन के प्रति उनकी रुचि और बढ़ी है। अनुराग रमन शर्मा ने पाठ्यक्रम के शिक्षण को व्यवस्थित, सरल एवं व्यावहारिक बताते हुए कहा कि भाषा के साथ-साथ विभिन्न देशों की संस्कृति और परंपराओं की भी उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। वहीं पूनम बघेल ने कहा कि संवादात्मक शिक्षण पद्धति ने सीखने की प्रक्रिया को अत्यंत रोचक एवं प्रभावी बनाया तथा भविष्य में भी ऐसे कौशल-आधारित पाठ्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की। समारोह के दौरान पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वक्ताओं ने उनकी नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं सीखने के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। प्रतिभागियों ने भी इस पहल को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं भविष्य के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन फ्रेंच भाषा के शिक्षक डॉ. आदित्य प्रकाश ने किया। इस अवसर पर डॉ. अंगद, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. विशाल शर्मा एवं प्रदीप वर्मा उपस्थित रहे।



# पशु प्रेमी मां-बेटी पर जानलेवा हमला, अपर पुलिस आयुक्त ने दिए जांच के आदेश

**आगरा।** शाहगंज स्थित चारबाग गली में कम्युनिटी डॉग्स को खाना खिलाने वाली शालू और उनकी मां सुमन पर पड़ोसियों द्वारा बेरहमी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुत्तों को खाना खिलाने से नाराज पड़ोसी सोनू, नीतू, नीरज व अन्य ने लोहे की रॉड-डंडों से मां-बेटी और कुत्तों को पीटा। इस हमले में एक कम्युनिटी डॉग की मौत हो गई। जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पीड़िता शालू ने बताया, ₹26 जून 2026 को शिकायत के बाद केदार नगर चौकी के अधिकारी देव द्विवेदी ने राजनीतिक दबाव वाले मनीष की मदद से आरोपी सोनू को छुड़वा दिया और हमसे जबरन समझौते पर हस्ताक्षर कराए। 29 जून को सभी पड़ोसियों ने मिलकर मेरी मां को बेरहमी से पीटा।₹पीड़िताओं ने अपर पुलिस आयुक्त, आगरा अली अब्बास को लिखित शिकायत/ज्ञापन दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस आयुक्त अली अब्बास ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। पशु क्रूरता और नगर निगम कर्मियों से अभद्रता के मामले को गंभीरता से लिया गया है। मामले का संज्ञान लेते हुए कैस्पर होम्स की संस्थापक व पशु कल्याण कार्यकर्ता विनीत अरोड़ा ने तुरंत नगर निगम को सूचित किया। उनकी सूचना पर नगर निगम की टीम अइउ फ्४'ि२ 2023 के तहत कुत्तों को पकड़ने व नसबंदी के लिए 1जून को क्षेत्र में पहुंची। इस दौरान स्थानीय लोगों ने नगर निगम कर्मचारियों से भी अभद्र व्यवहार और धक्का-मुक्की की। विनीत अरोड़ा ने कहा, ₹पशु क्रूरता के मामले शहर में लगातार बढ़ रहे हैं और शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। संविधान के अनुच्छेद 51अ( ) के तहत पशुओं की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। नगर निगम की टीम के साथ बदसलूकी दिखाती है कि आरोपी कानून से नहीं डरते। कैस्पर होम्स इस मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।₹1 जुलाई को भी 2026 को नीतू और नीरज ने नगर निगम की टीम व शालू उनकी मां के साथ अभद्र व्यवहार किया। पीड़िताओं को अपने परिवार के साथ अनहोनी की आशंका है और उन्होंने पुलिस सुरक्षा की मांग की है। उपस्थित रहे। गौ रक्षक दल आगरा अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी, श्वेता चावला, वंदना दुबे, तरुण चौधरी, सोनू कुशवाह, लखन पलवाल।



## आगरा के मशहूर यूट्यूबर बाबू गप्पी पर बवाल ! महिलाओं पर विवादित वीडियो से मचा हंगामा

आगरा। आगरा के चर्चित कॉमेडियन और यूट्यूबर बाबू गप्पी का एक कथित विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में महिलाओं को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों और कंटेंट को लेकर सोशल मीडिया पर नाराजगी देखने को मिल रही है। आरोप है कि अधिक व्यूज और फॉलोअर्स हासिल करने की होड़ में अशोभनीय एवं विवादित कंटेंट तैयार किया गया। वायरल वीडियो में महिलाओं के शारीरिक अंगों पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां किए जाने को लेकर लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई है और कार्रवाई की मांग उठाई है। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोग इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इससे पहले भी महिलाओं पर कथित आपत्तिजनक कंटेंट बनाने के मामले में यूट्यूबर जकाती के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। इस बीच महिला आयोग की अध्यक्ष ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित व्यक्ति को नोटिस भेजने की बात कही है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पीएनबी ने बालिका छात्रावास को भेंट की वाशिंग मशीनें और रेफ्रिजरेटर

टीएनएफ टुडे, आगरा।

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में छात्रा कल्याण की दिशा में पंजाब नेशनल बैंक ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है। बैंक ने विश्वविद्यालय के 100 क्षमता वाले समाज कल्याण बालिका छात्रावास को दो सेमी ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन और एक रेफ्रिजरेटर भेंट किया। कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन तथा छात्रावास अधीक्षिका डॉ. रत्ना पाण्डेय के प्रयासों से हुए इस सहयोग का उद्देश्य छात्राओं को बेहतर और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। आयोजित कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रबंधक अंजू मित्तल, उप क्षेत्रीय प्रबंधक कृष्ण कुमार, सर्किल हेड संजय श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक सचिन यादव, मुख्य प्रबंधक मीनू गुप्ता तथा प्रबंधक अभिनव चौहान सहित बैंक के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समाज कल्याण विभाग के अधीक्षक मनोज कुमार सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। छात्रावास अधीक्षिका डॉ. रत्ना पाण्डेय ने बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वाशिंग मशीनों की उपलब्धता से छात्राओं का समय बचेगा और वे अध्ययन, शोध तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों पर अधिक ध्यान दे सकेंगी। वहीं रेफ्रिजरेटर से खाद्य सामग्री और आवश्यक वस्तुओं के सुरक्षित संरक्षण में सुविधा मिलेगी। समाज कल्याण विभाग के अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस सहयोग से छात्रावास की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा छात्राओं को बेहतर वातावरण मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी बैंक के इस योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि ऐसी पहलें उनकी दैनिक जरूरतों को आसान बनाने के साथ शिक्षा के प्रति आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। कुलसचिव अजय मिश्रा ने पंजाब नेशनल बैंक की इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सीएसआर के तहत किया गया यह सहयोग प्रेरणादायी है। इससे विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाएं मजबूत होने के साथ शिक्षा संस्थानों और समाज के बीच सहभागिता भी बढ़ती है। उन्होंने भविष्य में भी छात्रहित से जुड़े कार्यों में बैंक के सहयोग की अपेक्षा जताई।

## आगरा पुलिस की बड़ी कामयाबी: महज 6 घंटे में छीनेती का खुलासा



**आगरा।** थाना रकाबगंज क्षेत्र में हुई स्कूटी और मोबाइल छीने जाने की वारदात का पुलिस ने महज छह घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीनी गई स्कूटी और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार, बिजलीघर के पास बदमाशों ने एक व्यक्ति से स्कूटी और मोबाइल फोन छीन लिया था। घटना की सूचना मिलते ही थाना रकाबगंज पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी। तेज कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छह घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उनके कब्जे से लूटी गई स्कूटी और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए गए। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। थाना रकाबगंज पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से न केवल पीड़ित को उसका सामान वापस मिला, बल्कि क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ भी कड़ा संदेश गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में छीनेती और लूट जैसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# चिकित्सा संस्थानों में सिस्टम की बेरुखी और इंसानियत का सवाल

राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अक्क्कर) और सैफई (उत्तर प्रदेश) जैसे देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल एक गंभीर चिंता का विषय हैं। इन अस्पतालों में इलाज की लंबी प्रक्रिया और जटिल नियम-कायदे मरीजों की शारीरिक पीड़ा को कई गुना बढ़ा देते हैं।

यह अत्यंत दुखद है कि एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधा पाने के लिए भी डॉक्टर की पर्ची का इंतजार करना पड़ता है। दूसरी ओर, सैफई जैसे अस्पतालों में रेफर होकर गए मरीजों को स्ट्रेचर तक नसीब न होना और चिकित्साकर्मियों का गंभीर मरीजों की सुध न लेना, व्यवस्था के खोखलेपन को उजागर करता है। यदि किसी ऑपिरेशन वाले मरीज की घर जाकर हालत बिगड़ती है और अस्पताल प्रबंधन उस पर हाथ तक न लगाए, तो यह चिकित्सा के मूल सिद्धांतों का सीधा उल्लंघन है। ऐसे दोहरे नियमों और अमानवीय रवैये से व्यवस्था पर से आम आदमी का भरोसा उठता है। 'गोल्डन आवर' की प्राथमिकताः गंभीर और रेफर किए गए मरीजों के लिए स्ट्रेचर और व्हीलचेयर तक पहुँच बिना किसी प्रशासनिक देरी के, सीधे प्रवेश द्वार पर सुनिश्चित की जानी चाहिए। संवेदनशीलता प्रशिक्षण अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों, नर्सों और कनिष्ठ डॉक्टरों के लिए समय-समय पर 'मरीज-केंद्रित संचार' कार्यशालाएं आयोजित होनी चाहिए ताकि वे मरीजों के साथ मानवीय व्यवहार करें। हेल्पडेस्क और ट्रायज प्रणालीः ओपीडीऔर इमरजेंसी के बीच स्पष्ट अंतर होना चाहिए। गंभीर मरीजों को त्वरित सहायता देने के लिए 'फास्ट-ट्रैक' विंडो की व्यवस्था हो, ताकि मरीजों को जांच की लंबी लाइनों में न उलझना पड़े। टेली-मेडिसिन फॉलो-अपः जिन मरीजों की सर्जरी हो चुकी है या जो दूरदराज से आते हैं, उनकी आपातकालीन स्थिति में मदद के लिए 24७7 हेल्पलाइन और प्राथमिक चिकित्सा सलाह की त्वरित सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। अस्पतालों का उद्देश्य मात्र इलाज करना नहीं, बल्कि मरीजों को सांत्वना और जीवनदान देना है। इन संस्थानों को मानवीय मूल्यों और नियमों के बीच एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना ही होगा।

## चिंता की बात

# महुआ मोईत्रा पर हमला चिंताजनक

प.बंगाल में सत्ता परिवर्तन के साथ ही विपक्ष से बदले की राजनीति का ऐसा दौर शुरू हुआ है, जो न केवल बंगाल के लोगों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस को हरा कर भाजपा ने भारी बहुमत से जीत हासिल की और सरकार बना ली। इसके बाद टीएमसी में बड़ी फूट भी डाली जा चुकी है, जिसमें करीब 60 विधायक और 20 सांसद ममता बनर्जी के खिलाफ हो गए हैं। 20 सांसदों ने तो एनसीपीआई नाम की अनजान सी पार्टी में विलय भी कर लिया। इसी तरह कई पार्षदों को भी भाजपा ने तोड़ लिया है। अपने विरोधी को पूरी तरह कुचलने के लिए उसे कमजोर करने की रणनीति यहीं तक सीमित रहती तब भी समझ आता कि भाजपा राजनीति के चलते ऐसा कर रही है। लेकिन जिस तरह ममता बनर्जी के साथ बने रहने वाले नेताओं पर हमले हो रहे हैं, वह किसी नजरिए से राजनीति नहीं है, बल्कि विशुद्ध गुंडागर्दी है। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर भीड़ ने जैसा हमला किया था, वह वीडियो सार्वजनिक है, जिसमें नजर आ रहा है कि अभिषेक बनर्जी को बाकायदा हेलमेट पहनकर खुद को चोटिल होने से बचाना पड़ा। इसके बाद कुणाल घोष पर भी अंडे फेंककर हमला हुआ। अब टीएमसी की महिला सांसद महुआ मोईत्रा भाजपा के निशाने पर आई हैं। महुआ मोइत्रा बुधवार को नादिया में टीएमसी ममता बनर्जी गुट के कार्यकताओं की मीटिंग में शामिल होने गईं थी। तभी पार्टी ऑफिस पर प्रदर्शनकारियों ने अंडों और टमाटर की बौछार कर दी। इस हमले के दौरान महुआ मोईत्रा ने इसका वीडियो ही बना लिया और साथ ही टीएमसी का झंडा लहराकर जतला दिया कि वे ऐसे हमलों से डरने वाली नहीं हैं। गौरतलब है कि बुधवार 1 जुलाई को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने एक वीडियो पोस्ट शेयर किया। वीडियो में महुआ मोइत्रा पार्टी ऑफिस बिल्डिंग की खिड़की से लोगों को अंडे फेंकते हुए दिखा रही हैं। उन्होंने वीडियो पोस्ट में आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा समर्थक एक घंटे से ज्यादा समय से लगातार पार्टी ऑफिस की खिड़की को निशाना बनाकर अंडे और सब्जियां फेंक रहे हैं। मैंने डीजीपी से भी बात की है। पुलिस काफी देर के बाद मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस ने हमला करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की और सिर्फ तमाशा देखती रही। घटना के बाद उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि वह डटी रहेंगी और टीएमसी का यह झंडा भी लहराता रहेगा। भाजपा किसी हालत में उन्हें चुप कराने में कामयाब नहीं हो पाएगी। बंगाल के ये हालत क्यों और कैसे बने इसके लिए अब भाजपा के शीर्ष नेताओं को जवाब देना ही होगा। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद कहा था कि बदला नहीं बदलाव की राजनीति होगी, लेकिन 4 मई को परिणाम आने के साथ ही जिस तरह पहले टीएमसी के दफ्तरों पर हमले हुए और अब नेताओं पर हमले हो रहे हैं, उसे किसी तरह सभ्य समाज और लोकतांत्रिक राजनीति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। हैरानी की बात यह है कि बंगाल भाजपा के नेता इस घटना पर शर्मिंदगी महसूस करने की जगह बेतुके बयान दे रहे हैं। जब महुआ मोइत्रा ने कहा कि हमले भाजपा की शह पर हो रहे हैं, हमला करने वाले लोगों ने भाजपा का झंडा थामा हुआ था और साथ ही उन्होंने उन 16 लोगों के नाम बताए और कहा कि ये सभी उन पर हुई भीड़ की हिंसा के पीछे थे। इस पर बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने पलटवार करते हुए कहा कि यह टीएमसी की अंदरुनी लड़ाई का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पुलिस कैसे पहचान सकती है कि किसके पास जेब में अंडे हैं?

# पारिवारिक और सामाजिक पुनर्वास की मानवीय पहल

> "14 जून तक के आंकड़ों के अनुसार, दो चरणों में 73 पूर्व नक्सलियों की नसबंदी खोलने का ऑपरेशन पूरा किया जा चुका है। पहले चरण में 33 पूर्व नक्सलियों को खुशहाल जिंदगी गुजारने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया तो दूसरे चरण में 40 पूर्व नक्सलियों की नसबंदी को खोला गया। पहले चरण में जिन 33 पूर्व नक्सलियों की नसबंदी खोलने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, उनमें से 27 के आंगन किलकारियों से गूंज रहे हैं। बस्तर के पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के अनुसार, बस्तर के एक पूर्व नक्सली के घर दो महीने पहले ही बच्ची का जन्म हो चुका है। उस पूर्व नक्सली का परिवार इस बच्ची के साथ अपना पारिवारिक जीवन आनंद से बिता रहा है।

अभी हाल ही में पिता दिवस गुजरा है। इस दिन सोशल मीडिया समेत तमाम जगहों पर हुई चचाओं में एक बात प्रमुखता से छायी रही। ऐसा कहा गया कि पिता बनने के बाद लोगों की शख्सियत में बदलाव आ जाता है। चूंकि जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं, लिहाजा इन दायित्वों के चलते कठोर से कठोर हृदय वाला व्यक्ति भी नरम हो जाता है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने जब पूर्व नक्सलियों की जबरिया कराई गई नसबंदी को खोलने वाले जटिल ऑपरेशन को हरी झंडी दिखाई, पता नहीं, उसके दिमाग में यह तथ्य था या नहीं। लेकिन उसकी इस कोशिश से कभी इंन्सानी खून से लाल रही बस्तर की धरती के कई आंगन किलकारियां गूंज रही हैं।

दरअसल नक्सली संगठनों में फील्ड कार्य कर रहे नक्सलियों के लिए अमानवीय प्रथा थी। फील्ड में काम कर रहे कम उम्र के नक्सलियों की अमानवीय तरीके से जबरिया नसबंदी करा दी जाती थी, ताकि नक्सली कार्य करते वक्त वे अपना परिवार न बढ़ा सकें। नक्सली संगठनों में महिला नक्सली भी सक्रिय थीं, उनके बीच रिश्ते पनपने संभव थे। लेकिन उन रिश्तों से बच्चे ना हों, इसलिए पुरूष नक्सलियों को जबरदस्ती नसबंदी के लिए मजबूर किया गया। जिनमें बहुत सारे नक्सलियों की उम्र बेहद कम थी। लेकिन सरकारी मुहिम के बाद जब उन्होंने आत्मसमर्पण किया तो उनके मन में भी परिवार बसाने और अपने घर-आंगन में किलकारी गूंजने की चाहत जगी। चूंकि इनकी नसबंदी हो चुकी थी, लिहाजा इन्हें मन-मसोस कर रह जाना पड़ता था। छत्तीसगढ़ सरकार इन्हीं समर्पित प्रजनन उम्र वाले नक्सलियों के लिए पारिवारिक तौर पर ज्यादा सक्रिय होने के लिए यह मानवीय पहल शुरू की है।

पशुपति यानी नेपाल से लेकर तिरूपति यानी आंध्र के जंगली गलियारे तक तूती बोलने के दौर में छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित था। खूंखार नक्सलियों के लिए कुख्यात इसी बस्तर संभाग से छत्तीसगढ़ सरकार ने मानवीय पहल शुरू की है। इसके तहत प्रजनन की उम्र वाले उन नक्सलियों का रिवर्स वैसेक्टॉमी शुरू किया है। नसबंदी करा चुके लोगों के लिए रिवर्स वासेक्टॉमी एक तरह से उनकी नसों को फिर से खोलने और उन्हें प्रजनन योग्य बनाने की जटिल प्रक्रिया है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने इस अनूठी पहल को यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के विशेषज्ञों की मदद से शुरू किया है। 14 जून तक के आंकड़ों के अनुसार, दो चरणों में 73 पूर्व नक्सलियों की नसबंदी खोलने का ऑपरेशन पूरा किया जा चुका है। पहले चरण में 33 पूर्व नक्सलियों को खुशहाल जिंदगी गुजारने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया तो दूसरे चरण में 40 पूर्व नक्सलियों की नसबंदी को खोला गया। पहले चरण में जिन 33 पूर्व नक्सलियों की नसबंदी खोलने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, उनमें से 27 के आंगन किलकारियों से गूंज रहे हैं। बस्तर के पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के अनुसार, बस्तर के एक पूर्व नक्सली के घर दो महीने पहले ही बच्ची का जन्म हो चुका है। उस पूर्व नक्सली का परिवार इस बच्ची के साथ अपना पारिवारिक जीवन आनंद से बिता रहा है।

आमतौर नसबंदी खोलने के इस जटिल ऑपरेशन के लिए बड़े शहरों और महानगरों के सुविधा संपन्न अस्पतालों में जाना पड़ता है। लेकिन यह पहला मौका है, जब छत्तीसगढ़ के दूर-दराज के बस्तर संभाग में स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर इस जटिल ऑपरेशन प्रक्रिया को सफलता के साथ अंजाम तक पहुंचाया गया। इस पहल में बस्तर के जिला प्रशासन के साथ ही बस्तर पुलिस और यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के पश्चिमी जोन की बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका रही। यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और इंदौर निवासी डॉक्टर राजेश कुकरेजा का कहना है कि बस्तर जैसे इलाके में इतने बड़े स्तर पर नसबंदी खोलने का सफल ऑपरेशन किया जाना चिकित्सा क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि है।

इस ऑपरेशन की शुरूआत जगदलपुर के महारानी अस्पताल में की गई। इसके लिए विशेष शिविर आयोजित किए गए। जगदलपुर के जिला अस्पताल में नसबंदी खोलने के विशेष शिविरों में देश के जाने माने यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुशील राठी, डॉ. ललित शाह एवं डॉ. योगेश बरापात्रे सहित इंदौर के डॉ. राजेश कुकरेजा, पुणे के डॉ. सागर भालेराव और डॉ. राहुल, महाराष्ट्र के नांदेड़ के डॉ. अभिषेक, मुंबई के डॉ. निनाद तंबोली और डॉ. पार्थ मानेक के साथ ही रायपुर के डॉ. राहुल कपूर एवं डॉ. घनश्याम हटवार की टीम ने पूर्व नक्सिलियों का सफल ऑपरेशन किया है। इनके सहयोग के लिए छह स्थानीय डॉक्टरों सहित करीब 50 सदस्यों वाली मेडिकल टीम जुटी रही।

छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल बाकी राज्यों द्वारा नक्सलियों के आर्थिक और जमीनी पुनर्वास नीति से अलग है। विष्णुदेव साय सरकार की इस मानवीय पहल की प्रशंसा मेडिकल जगत के साथ ही समाजविज्ञानी भी कर रहे हैं। इस पहल के तहत शारीरिक और मेडिकल जांच के साथ ही प्रजनन योग्य पाए जाने वाले नक्सलियों के ही ऑपरेशन किए जाते हैं। इनमें चालीस साल तक की उम्र वाले पूर्व नक्सलियों को ही प्राथमिकता दी जाती है। जगदलपुर के महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर संजय प्रसाद के मुताबिक, राज्य सरकार की पहल पर जल्द ही तीसरे चरण का भी शिविर लगाने की तैयारी है, जिसमें दो दर्जन से ज्यादा पूर्व नक्सलियों के ऑपरेशन किये जायेंगे।

छत्तीसगढ़ की यह मानवीय पहल समर्पित नक्सलियों को ना सिर्फ अपने समाज, बल्कि परिवार से भी जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह पहल नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा रणनीति से आगे बढ़कर विश्वास निर्माण और सामाजिक-मानवीय पुनर्वास मॉडल के रूप में आगे आ रहा है। ये 73 ऑपरेशन महज चिकित्सकीय आंकड़ा नहीं है, बल्कि इन परिवारों की उम्मीद और सामान्य जीवन की ओर आगे बढ़ने का भी प्रतीक है। उम्मीद की जानी चाहिए कि झारखंड और दूसरे नक्सल प्रभावित राज्यों की सरकारें भी इस पहल से प्रेरित होंगी।

**-उमेश चतुर्वेदी**

# झुलसता यूरेशियाः एशिया और यूरोप में बढ़ती भीषण गर्मी

## क्या जलवायु परिवर्तन अब निर्णायक मोड़ पर है?ः डॉ. संजय राणा

एक समय था जबकि विश्व के धनाढ्य लोग गर्मी की छुट्टी मनाने यूरोप जाया करते थे, मगर वर्तमान समय में पृथ्वी का मौसम तेजी से बदल रहा है और इसके संकेत अब किसी एक देश या महाद्वीप तक सीमित नहीं रह गए हैं। वर्ष 2026 की गर्मियों में एशिया और यूरोप दोनों अभूतपूर्व हीटवेव (लू) की चपेट में हैं। भारत, पाकिस्तान, चीन और मध्य एशिया के साथ-साथ फ्रांस, स्पेन, इटली, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, बेल्जियम, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया और बाल्कन क्षेत्र के अनेक देशों में तापमान सामान्य से कई डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। कहीं 40 से 45 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुँच रहा है, तो कहीं गर्मी ने दशकों पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह स्थिति केवल असामान्य मौसम नहीं, बल्कि पृथ्वी की बदलती जलवायु का गंभीर संकेत है। जिसका परिणाम यह है कि जून के महा में यूरोप में 1300 लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है।

वहीं विश्व स्वास्थ संगठन की मानें तो वर्ष 2000 से 2019 के दौरान प्रति वर्ष 4.89 लाख लोग गर्मी से उत्पन्न विभिन्न बीमारियों का शिकार होते हुए मृत्यु के आगोश में चले गए। उनमें से लगभग 45 प्रतिशत एशिया मूल के रहे, वहीं 36 प्रतिशत यूरोपीय देशों के लोग थे।

यूरोप और एशिया भौगोलिक रूप से अलग महाद्वीप अवश्य माने जाते हैं, किंतु वास्तव में वे यूरेशिया नामक एक विशाल भूभाग का हिस्सा हैं। जब इस पूरे भूभाग के ऊपर वायुमंडलीय परिसंचरण में व्यापक परिवर्तन होता है, तो उसका प्रभाव हजारों किलोमीटर तक फैल जाता है। यही कारण है कि एक ही समय में भारत में भीषण लू चल रही होती है और पश्चिमी यूरोप भी उस दौरान असहनीय गर्मी से जूझ रहा होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस स्थिति के पीछे कई कारण एक साथ कार्य कर रहे हैं। सबसे प्रमुख कारण मानवीय गतिविधियों से बढ़ी ग्रीनहाउस गैसें हैं, जिन्होंने पृथ्वी के औसत तापमान को लगातार बढ़ाया है। कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और अन्य गैसें वातावरण में ऊष्मा को रोक रही हैं, जिससे पृथ्वी का ताप संतुलन बिगड़ रहा है। इसके साथ ही जेट स्ट्रीम का कमजोर और अधिक लहरदार होना, लंबे समय तक उच्च वायुदाब (हीट डोम) का बने रहना, मिट्टी का सूखना तथा समुद्रों का लगातार गर्म होना हीटवेव को अधिक तीव्र


डा0 संजय राणा

और लंबा बना रहे हैं।

यूरोप में भूमध्य सागर का बढ़ता तापमान और आर्कटिक क्षेत्र का तेजी से गर्म होना भी मौसम प्रणाली को प्रभावित कर रहा है। जब जेट स्ट्रीम धीमी पड़ जाती है, तो बादल नहीं बनते, वर्षा नहीं होती और कई दिनों तक लगातार तेज धूप पड़ती रहती है। परिणामस्वरूप तापमान नए रिकॉर्ड स्थापित करता है। यही स्थिति एशिया के अनेक क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है। इस भीषण गर्मी का प्रभाव केवल तापमान तक सीमित नहीं है। जंगलों में आग की घटनाएँ बढ़ रही हैं, जलस्रोत सूख रहे हैं, कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है, बिजली की मांग बढ़ रही है और हीट स्ट्रोक से लोगों की जान तक जा रही है। बच्चों, बुजुर्गों, श्रमिकों और गरीब तबकों पर इसका प्रभाव सबसे अधिक पड़ता है। यह केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय का भी संकट है। महत्वपूर्ण बात यह है कि वैज्ञानिक अब केवल भविष्य की चेतावनी नहीं दे रहे, बल्कि वे यह भी बता रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव वर्तमान में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

हालांकि यह कहना उचित नहीं होगा कि संकट अपने अंतिम या "चरम" बिंदु पर पहुँच चुका है, क्योंकि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन नहीं घटा तो आने वाले दशकों में परिस्थितियाँ और अधिक गंभीर हो सकती हैं। अर्थात आज जो हीटवेव हमें असाधारण लग रही है, वह भविष्य में सामान्य बन सकती है। ऐसी परिस्थिति में केवल सरकारों की नीतियाँ पर्याप्त नहीं होंगी। ऊर्जा के स्वच्छ स्रोतों को अपनाना, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करना, जल संरक्षण, वनों का संरक्षण, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाना तथा जलवायु के अनुकूल विकास मॉडल अपनाना समय की आवश्यकता है। साथ ही प्रत्येक नागरिक को भी अपनी जीवनशैली में ऐसे परिवर्तन करने होंगे, जिनसे कार्बन उत्सर्जन कम हो।

आज एशिया और यूरोप का एक साथ झुलसना पूरी मानवता के लिए एक गंभीर चेतावनी है। प्रकृति यह संकेत दे रही है कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बिगड़ चुका है। यदि हमने अभी भी विज्ञान की चेतावनियों को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाली पीढ़ियाँ केवल अधिक गर्म पृथ्वी ही नहीं, बल्कि जल, खाद्य और स्वास्थ्य संकटों से घिरी दुनिया विरासत में पाएँगी। जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की वास्तविकता है। प्रश्न यह नहीं कि पृथ्वी बदल रही है; प्रश्न यह है कि क्या हम समय रहते अपने व्यवहार और विकास की दिशा बदल पाएँगे। वैसे लगता तो नहीं कि हम बदल पाएंगे, फिर भी आओ प्रकृति की ओर लौटें।

**(लेखक एस्ट्रो के निदेशक एवं पर्यावरणविद हैं।)**

## सितारों की चालः आपका भविष्यफल

**दिनांक 05 जुलाई 2026 रविवार आषाढ़ कृष्ण षष्ठी**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।


मार्गदर्शनः आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह कन्या वृश्चिक और कुंभ राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। रविवार का दिन साक्षात प्रत्यक्ष देवता भगवान सूर्य नारायण की साधना और उपासना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन सूर्य देव को तांबे के पात्र से जल अर्पित करना गायत्री मंत्र का मानसिक जप करना और लाल या हल्के केसरिया रंग के वस्त्र धारण करना जीवन में असीम तेज सामाजिक मान सम्मान आरोग्यता और व्यापारिक सुख समृद्धि में भारी वृद्धि लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा और राजनैतिक प्रभाव में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा और सोचे हुए सभी सरकारी काम गति पकड़ेंगे। व्यापिरक क्षेत्र में चल रही पुरानी मंदी आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। सूर्य नारायण को जल अर्पित करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद पूरी तरह हल होंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी बड़े और प्रतिष्ठित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। मुख्य द्वार पर शुद्ध घी का दीपक जलाएं जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल सांगठनिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। किसी जरूरतमंद को गेहूं का दान करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी बड़े व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। सूर्य देव के सम्मुख बैठकर प्रार्थना करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर लाल चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और वरिष्ठ सहयोगियों की मदद से किसी बड़े नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी कठिन मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। पक्षियों के लिए अनाज की व्यवस्था करें जिससे आपके यश और कीर्ति में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई बड़ा रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में तांबे के पात्र का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। सूर्य कवच का पाठ करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का बड़ा लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखा पढ़ी के कोई बड़ा आर्थिक व्यवहार न करें। गायत्री मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए बड़े व्यावसायिक सहयोगी जुड़ने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। भगवान सूर्य देव को प्रणाम करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर चक्रव्यूह को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत बड़ी और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। किसी गरीब व्यक्ति को भोजन का दान करें जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई बड़ा राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को बड़ी राहत मिलेगी। किसी पवित्र नदी के जल से सूर्य देव को अर्घ्य दें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

रविवार के दिन घर के उत्तर पूर्व कोण यानी ईशान कोण में मिट्टी के पात्र में थोड़ा सा साफ जल भरकर उसमें लाल चंदन का एक छोटा सा टुकड़ा डालने से घर का भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात सूर्य नारायण की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का मानसिक व शारीरिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा बढ़ती रहती है।

# सरकारी जमीन से तहसील प्रशासन ने हटवाया कब्जा

टीएनएफ टुडे



**फतेहाबाद।** तहसील फतेहाबाद के गांव तांसपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के खेल के मैदान की जगह पर किए अवैध कब्जे को शुक्रवार को प्रशासन ने बुलडोजर से हटवाया गया। तहसीलदार फतेहाबाद बबलेश कुमार ने बताया कि गांव तांसपुरा में गाटा संख्या 130 पर प्राथमिक विद्यालय बना हुआ है। तथा गाटा संख्या 131 विद्यालय खेल की जगह है। खेल के मैदान पर गांव के पवन कुमार ने काफी समय पहले अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण घर बना लिया था। और रोड साइड चबूतरा बनाकर नया निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसकी शिकायत मिलने पर शुक्रवार को पुलिस टीम व राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और चबूतरा को बुलडोजर से तुड़वा दिया गया है। वहीं स्कूल के पीछे गाटा संख्या 130 की कुछ जमीन पर वर्तमान ग्राम प्रधान ने अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण घर बना लिया गया है। धारा 67 की कार्रवाई प्रचलित कर दी गई है। न्यायालय के निर्णय उपरांत वाकी अवैध कब्जे को हटवाया जायेगा। तहसीलदार फतेहाबाद बबलेश कुमार ने बताया कि गांव तांसपुरा में प्राथमिक विद्यालय के खेल की जमीन पर बने चबूतरा को बुलडोजर तुड़वा दिया है तथा घाटा संख्या 130 की जमीन पर वर्तमान ग्राम प्रधान ने कब्जा कर अपना मकान बना लिया है। धारा 67 की कार्रवाई प्रचलित है न्यायालय के निर्णय उपरांत अवैध कब्जे को हटवा दिया जाएगा।

## गौशाला में रस्सी से फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

टीएनएफ टुडे

**पिनाहट (आगरा)।** पिनाहट कस्बे के मुहल्ला पूरनपुरा में शुक्रवार सुबह एक युवक ने घर से 200 मीटर दूर बंद पड़ी गौशाला में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव गौशाला में रस्सी से लटका देख कस्बे में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार पूरनपुरा निवासी विष्णु परिहार पुत्र गौरीशंकर परिहार उम्र करीब 25 वर्ष ने गुरुवार रात घर से निकलकर अपनी बंद पड़ी गौशाला में रस्सी से फांसी लगा ली। गौशाला घर से करीब 200 मीटर दूर थी। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे टहलने निकले लोगों ने गौशाला में विष्णु को फांसी पर लटका देखा तो तुरंत स्वजन को सूचना दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पिनाहट थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि विष्णु चार भाइयों में सबसे छोटा था। बड़े भाई रामनरेश, रामकिशोर और रामलखन हैं। पिता किसान हैं। विष्णु की शादी करीब डेढ़ साल पहले मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की अंबाह तहसील के ककरारी महासुखपुरा गांव में हुई थी। सूचना मिलने पर ससुराल पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं। स्वजन के अनुसार विष्णु गुरुवार रात बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान से लगेगा।

# सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंच बरना, मृतक के परिजनों को दी आर्थिक मदद

टीएनएफ टुडे



**फतेहाबाद।** उटंगन नदी में नहाते समय डूबकर हुई मौत की जानकारी पर राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के नेतृत्व में सपा का प्रतिनिधिमंडल फतेहाबाद के गांव बरना पहुंचा और मृतक बच्चों के परिजनों से मिलकर आर्थिक मदद दी। आपको बताते चलें कि 9 जून को थाना फतेहाबाद के गांव बरना में 6 बच्चे सुबह 8:00 बजे उटंगन नदी के जंगल में बकरी चराने गए थे। जहां नहाते समय रामलक्षिन व प्रशांत की डूबने से मौत हो गई थी जिसकी जानकारी मिलने पर सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन व सपा नेता राजेश शर्मा एक प्रतिनिधिमंडल के साथ गांव में पहुंचे और मृतक बच्चों के परिजनों से मिले जहां सपा नेता राजेश शर्मा के द्वारा मृतक बच्चों के परिजनों को 50-50 हजार रूपए की आर्थिक मदद दी। वहीं रामजीलाल सुमन ने कहा है कि हमें देर से घटना की जानकारी हुई थी जिससे हमें खेद है। हम प्रशासन से भी वार्ता कर चार-चार लाख रुपए की आर्थिक मदद दिलाने का काम करेंगे। इस अवसर पर शैलेश यादव , विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा, रामसेवक अघवारिया,महताब गुर्जर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मैक्स की टक्कर से 9 साल का किशोर घायल, आगरा रेफर

पिनाहट बस स्टैंड के पास हादसा, सड़क किनारे जा रहे रोहन को मारी टक्कर

टीएनएफ टुडे



**पिनाहट (आगरा)।** कस्बे के बस स्टैंड के पास शुक्रवार शाम तेजगति से आ रही लोडिंग मैक्स ने सड़क किनारे जा रहे 9 वर्षीय किशोर को टक्कर मार दी। हादसे में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे आगरा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मुहल्ला ताल की पार निवासी रोहन पुत्र बंटू शुक्रवार शाम करीब 5 बजे अपने पिता की दुकान पर जा रहा था। बस स्टैंड के पास चंबल नदी की ओर से आ रही लोडिंग मैक्स ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रोहन सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसके पैर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल किशोर को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए रोहन को बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया। घटना के बाद स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। पिनाहट पुलिस ने मामला दर्ज कर लोडिंग मैक्स चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## किशोरी को अश्लील कमेंट करने का आरोपी जेल भेजा

टीएनएफ टुडे

**फतेहाबाद।** कस्बा फतेहाबाद के एक मोहल्ला में किशोरी को अश्लील कमेंट गाली-गलौज करने वाले आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को पकड़कर जेल भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि कस्बा के एक मोहल्ला निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री का अनूप पुत्र मुकेश निवासी मोहल्ला कानून गोयान थाना फतेहाबाद काफी समय से पीछा करता है अश्लील कमेंट व गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार को आरोपी अनूप को कस्बा फतेहाबाद के अवंती चौक से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल हुए सीकरी के युवक की इलाज के दौरान मौत

### दुर्घटना में गंभीर घायल पत्नी व बच्चे की तीन दिन पूर्व हो चुकी है मौत

टीएनएफ टुडे



**फतेहपुर सीकरी।** कस्बा पुलिस चौकी के अंतर्गत मोहल्ला नगला मालियांन इस्लामगंज से विगत 28 जून को पत्नी बच्चे के संग बाइक से साडू के यहां हाथरस जा रहे युवक में तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने सादाबाद रोड पर जबरदस्त टक्कर मारी थी,जिसमें घटनावाले दिन ही मौके पर 6 वर्षीय बालक राज की मौत हो गई वही उपचार के दौरान युवक की पत्नी सर्वेश देवी कि दूसरे दिन मौत हो गई अब इलाज के दौरान 1 जुलाई को दुर्घटना में गंभीर घायल संजू कुमार की भी मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है । मिली जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी युवक संजू अपनी पत्नी सर्वेश देवी व 6 वर्षीय पुत्र राज के साथ विगत 28 जून को हाथरस अपने साढू के यहां किसी प्रोग्राम में शामिल होने जा रहा था तभी टेढ़ी बगिया से सादाबाद रोड पर तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने जबरदस्त टक्कर मारी जिसमें बालक की घटना स्थल पर रिमोट हो गई ,पत्नी ने दूसरे दिन दम तोड़ दिया वही 1 जुलाई को इलाज के दौरान संजू की भी मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है सीकरी वासियों ने शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी है

## नाली की सफाई को लेकर दो पक्ष भिड़े, मारपीट एक युवक घायल

**खेरागढ़।** थाना क्षेत्र के गांव ऊंटगिर में नाली की सफाई को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके सिर में चोट आई है। पीड़ित ज्ञानेंद्र कुशवाह के अनुसार, उनके घर के सामने नाली का गंदा पानी रास्ते में भर रहा था। कुछ दिन पहले उन्होंने नाली की सफाई कराई थी और पड़ोसी जितेंद्र के परिजनों से भी नियमित सफाई कराने की बात कही थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले भी कहासुनी और गाली-गलौज हुई थी।आरोप है कि बृहस्पतिवार शाम जितेंद्र ने फिर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर जितेंद्र, भगवानदास, गोरेलाल, मोनू तथा कुछ अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान ज्ञानेंद्र के सिर में डंडा लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने बताया कि घायल को उपचार के लिए भेज प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## भाकियू अराजनैतिक ने उठाई किसानों की समस्याएं, नाला कब्जामुक्त कराने व श्मशान निर्माण की मांग



**फतेहाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तहसील अध्यक्ष अवधेश ठाकुर के नेतृत्व में शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी स्वाति शर्मा व एडीओ महेंद्रपाल से मिलकर विभिन्न मांगों से अवगत कराया। शुक्रवार को भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने चर्रपुरा गांव के पुराने नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। साथ ही ग्राम धिमिश्री में श्मशान घाट का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने और लंबे समय से खराब पड़ी पेयजल टंकी को चालू कराने की मांग उठाई, ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या से राहत मिल सके।भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि इन समस्याओं के समाधान में हो रही देरी से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों से शीघ्र कार्रवाई कर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। इस दौरान जिला प्रवक्ता रामनिवास रघुवंशी,तहसील प्रवक्ता गोविन्द सैंथिया, रामलाल वर्मा, मुन्नालाल वर्मा, चन्द्रमोहन सहित आदि किसान नेता मौजूद रहे।

## ग्रीन चौपाल में पर्यावरण संरक्षण का संदेश, किया पौधारोपण




**फतेहाबाद।** वन महोत्सव के तहत शुक्रवार को विकासखंड क्षेत्र के गांव रसूलपुर स्थित पंचायत भवन में ग्रीन चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। ग्रीन चौपाल में वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। वन दरोगा मायाराम ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण बेहद आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाकर उसकी नियमित देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान निरंजन कुशवाहा, वनरक्षक भीकम सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

## सोमवार को आयोजित होगा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस

**खेरागढ़।** तहसील कार्यालय पर महीने के प्रथम शनिवार को आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस आज स्थगित कर दिया गया है। तहसीलदार सतेंद्र कुमार ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस सोमवार को आयोजित होगा।जिसमें समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# प्रधान ने डीएम से की शिकायत, पीडब्ल्यूडी पर रिटेनिंग वाल न बनाने का आरोप

विप्रावली के नयाबांस में तालाब का पानी भरने से सड़क जलमग्न, स्कूल के बच्चों को भी परेशानी

टीएनएफ टुडे



**पिनाहट (आगरा)।** सड़क किनारे बने तालाब का पानी भरने से राहगीरों और स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी को लेकर ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। प्रधान ने आरोप लगाया कि चार साल पहले लोक निर्माण विभाग से रिटेनिंग वाल बनाने की मांग की थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम पंचायत विप्रावली के प्रधान व प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष देवानंद परिहार ने शुक्रवार को उद्ट मनीष बंसल को लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत में उन्होंने कहा कि उप गांव नयाबांस में सड़क किनारे स्थित तालाब का गंदा पानी हर समय सड़क पर भरा रहता है। तालाब के सामने ही स्कूल का मुख्य द्वार है, जो पानी से लबालब रहता है। इससे लोगों के आवागमन और स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को भारी दिक्कत हो रही है। प्रधान ने बताया कि चार वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग से तालाब की तरफ रिटेनिंग वाल बनाने की मांग की गई थी, ताकि पानी सड़क पर न आए। लेकिन विभाग ने आज तक उस पर ध्यान नहीं दिया। बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। इस दौरान तालाब लबालब होकर पूरी सड़क जलमग्न कर देता है। इससे हादसों का खतरा बना रहता है। उद्ट से प्रधान ने मांग की कि जल्द रिटेनिंग वाल का निर्माण कराकर लोगों को राहत दिलाई जाए, वरना बरसात में बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## बस्ती के बीच में जलभराव गंदगी के लगे हैं अंबार

**ग्रामीण परेशान, सुनवाई नहीं कर रहे जनप्रतिनिधि**



टीएनएफ टुडे

**फतेहपुर सीकरी।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दाउदपुर के माजरा उत्तू में गांव के बीच बस्ती में जलभराव और गंदगी से ग्रामीण परेशान है, बारिश का मौसम शुरू होने वाला है यदि बारिश से पूर्व जलभराव की समस्या दूर नहीं हुई तो घरों तक पानी घुस जाएगा, ग्रामीणों का आप एक जनप्रतिनिधि कोई सुनवाई नहीं कर रहे । ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से जल भराव और गंदगी से निजात दिलाने की गुहार लगाइए है । ग्रामीण फूल सिंह नेताजी , माधव सिंह, भगवान सिंह, रणवीर सिंह , ओम प्रकाश सिंह शंकर शर्मा आदि ने उपजिलाअधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मांग की एक बस्ती के बीच में जलभराव और गंदगी के ढेर लगे हैं जनप्रतिनिधि कोई सुनवाई नहीं करते , बारिश से पूर्व जलभराव की निकासी के लिए नाली निर्माण व गंदगी से निजात दिलाने की मांग की है ।

### श्री बांके बिहारी एजुकेशनल सोसायटी का अनूठा अभियानः

# अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर बोदला राहुल नगर में गूंजा "प्लास्टिक छोड़ो-पर्यावरण जोड़ो" का संदेश

टीएनएफ टुडे

**आगरा।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से श्री बांके बिहारी एजुकेशनल सोसायटी, आगरा द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर बोदला राहुल नगर में व्यापक जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों को एकल उपयोग वाले प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग का संकल्प दिलाया गया। उपस्थित लोगों ने ₹प्लास्टिक छोड़ोझपर्यावरण जोड़ो₹ और ₹स्वच्छ पर्यावरणझस्वस्थ जीवन₹ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। श्री बांके बिहारी एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन शर्मा ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज पृथ्वी, जल स्त्रोतों, पशु-पक्षियों तथा मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर संकट बन चुका है। यदि प्रत्येक नागरिक अपनी दैनिक आदतों में बदलाव लाते हुए प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग बंद कर कपड़े अथवा जूट के थैले अपनाए, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है और इसके लिए जनभागीदारी सबसे प्रभावी माध्यम है। संदीप यादव, विधायक शर्मा



एवं रवि थापा ने संयुक्त रूप से कहा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक संस्था या सरकार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा दायित्व है। प्रत्येक व्यक्ति यदि प्लास्टिक के उपयोग को कम कर पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाए और दूसरों को भी प्रेरित करे, तो प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छ भारत का लक्ष्य शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है।

सैफ अली अब्बास ने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का पूर्ण बहिष्कार करने का आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। राहुल चौधरी ने कहा कि जागरूकता तभी सफल होगी जब वह लोगों के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाए। शिवम प्रजापति ने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया, जबकि ताहिर अब्बास ने प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने, कपड़े एवं जूट के थैलों को अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर जनजागरूकता फैलाने का सामूहिक संकल्प लिया। डॉ. मदन मोहन शर्मा (अध्यक्ष, श्री बांके बिहारी एजुकेशनल सोसायटी), संदीप यादव, विधायक शर्मा, रवि थापा, सैफ अली अब्बास, राहुल चौधरी, शिवम प्रजापति, ताहिर अब्बास, समीर, पप्पू, जीशान अल्वी, जीतू लोधी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी।

# करहल पहुंचे सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, दुर्घटनाग्रस्त कार्यकर्ता का जाना हाल, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

टीएनएफ टुडे, करहल।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव शुक्रवार को करहल पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल हुए सपा नेता जीवन यादव के आवास पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। किशनी रोड स्थित आवास पर पहुंचकर शिवपाल सिंह यादव ने जीवन यादव के स्वास्थ्य की जानकारी ली, चिकित्सकों द्वारा दिए जा रहे उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

इस दौरान शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि पार्टी अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी रहती है। उन्होंने जीवन यादव का उत्साहवर्धन करते हुए जल्द स्वस्थ होकर पुनः सक्रिय सार्वजनिक जीवन में लौटने की शुभकामनाएं दीं। शिवपाल सिंह यादव की आत्मीयता से जीवन यादव और उनके परिजन भावुक नजर आए। जीवन यादव ने शिवपाल सिंह यादव का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया और कहा कि उनका स्नेह एवं मार्गदर्शन उनके लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है।

शिवपाल सिंह यादव के आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक भी मौके पर पहुंच गए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से आत्मीय बातचीत की तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने की आवश्यकता है। सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर जनता के बीच जाने, पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

कार्यकर्ताओं ने भी शिवपाल सिंह यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान स्थानीय राजनीतिक गतिविधियों और क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

इसके बाद शिवपाल सिंह यादव पूर्व डीसीवी चेयरमैन डॉ. रामकुमार यादव के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने पहले किए गए चाय पार्टी के वादे को निभाया। उनके पहुंचने पर डॉ. रामकुमार यादव ने फूल-मालाओं, अंगवस्त्र और पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। पूरे परिसर में कार्यकताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार अभिनंदन किया।



डॉ. रामकुमार यादव और शिवपाल सिंह यादव के बीच आत्मीय वातावरण में विभिन्न सामाजिक, संगठनात्मक एवं राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने क्षेत्र के विकास, संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक और आत्मीय संबंध भी साफ दिखाई दिए।

इस अवसर पर डॉ. रामकुमार यादव के परिवार के सभी सदस्यों ने भी शिवपाल सिंह यादव से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। शिवपाल सिंह यादव ने परिवार के सदस्यों का हालचाल जाना और सभी को स्वस्थ एवं सुखी रहने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान मौजूद कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने भी उनसे मुलाकात कर संगठन और क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

शिवपाल सिंह यादव के करहल दौरे को कार्यकर्ताओं के बीच उत्साहवर्धक माना जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त कार्यकर्ता का हालचाल जानने से लेकर कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति सक्रिय रहने का संदेश देने और पूर्व डीसीवी चेयरमैन डॉ. रामकुमार यादव के यहां आत्मीय मुलाकात करने तक उनका पूरा दौरा राजनीतिक के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं से भी जुड़ा रहा।

इस मौके पर पूर्व डीसीवी चेयरमैन डॉ रामकुमार यादव, कमलेश यादव, महेश यादव, विमल यादव, रजनीश यादव, सिंटू यादव, सपा नेता महेश बाबू, शैलेन्द्र यादव, मलिका यादव समेत आदि तमामं लोग मौजूद रहे।



## करहल चेयरमैन ने कर्मचारियों को बरसाती किट वितरित की

करहल। नगर पंचायत करहल में वर्षा ऋतु के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए बरसाती किट वितरित की गई।

हमारे सफाई एवं नगर पंचायत के सभी कर्मचारी हर मौसम में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जनसेवा में जुटे रहते हैं। उनके सुरक्षित कार्य-परिवेश और सम्मान का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है।

चेयरमैन चौधरी अब्दुल नईम ने कहा कि हम सभी मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित और विकसित करहल के निर्माण का संकल्प लें।

## हज यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 तक

**मैनपुरी।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि हज आवेदक हज कमेटी मुम्बई ने दि. 22.06.2026 को हज-2027 की अधिकारिक घोषण कर दी गयी है, इच्छुक आवेदक ऑनलाइन हज आवेदन हेतु हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट पर हज सुविधा ऐप पर अन्तिम तिथि 20 जुलाई 2026 रात्रि 11:59 बजे तक कर सकते है। उन्होने बताया कि हज ई-सुविधा केन्द्र हेतु प्रधानाचार्य मो. सलीम अंसारी के मो. नं-9359805054 मदरसा जामिया राशिदिया आगरा रोड में निःशुल्क केन्द्र स्थापित किया गया है। उन्होने बताया कि हज-2027 आवेदन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा जारी किये गये है। उन्होने बताया कि पासपोर्ट मशीन पठित हो, हस्तलिखित मान्य नहीं होगा तथा आवेदन की अन्तिम तिथि 20.07.2026 है, पासपोर्ट की वैद्यता तिथि 31.12.2027 तक होना अनिवार्य है, हज-2027 हेतु मात्र 02 श्रेणी होगी, प्रथम 40 दिवस व द्वितीय 20 दिवस यात्री आवेदन करते समय अपनी सुविधानुसार विकल्प चुने, 20 दिवस का विकल्प चयनित करने वालो हेतु केवल सात उड़ान स्थल निर्धारित है, अहमदाबाद, बैगलोर, चेन्नई, कोच्चिन, दिल्ली, हैदराबाद व मुम्बई सामान्य यात्रा हेतु निर्धारित शर्तें हज-2026 की भांति ही रहेंगी। उन्होने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करते समय पासपोर्ट साइज फाटो, पासपोर्ट का प्रथम पृष्ठ, अन्तिम पृष्ठ आवासीय प्रमाण, बैंक खाते का विवरण, कैसल्ड चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति अपलोड करनी होगी, विस्तृत दिशा-निर्देश हज पालिसी सहित हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई व उ.प्र. राज्य हज समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध है, फार्म भरने से पूर्व इसका अवलोकन अवश्य कर लें।

# दिनदहाड़े लूट करने वाले चार शातिर बदमाश 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार, भारी मात्रा में माल बरामद



टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

थाना औंछा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार अभियुक्तों को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई रकम, मोटरसाइकिल, तमंचा और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

घटना का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि 1 जुलाई 2026 को बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने वादी मुकदमा को रोककर, कनपटी पर तमंचा सटाकर उनके बैग से 1,24,750 रुपये, जेब से 5,000 रुपये, दो मोबाइल फोन (विवो और रेडमी), और एक पर्स लूट लिया था, जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और एटीएम कार्ड शामिल थे। बदमाश मोटरसाइकिल की चाबी छीनकर और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मैनपुरी के आदेशानुसार और आला अधिकारियों के कुशल निर्देशन में थाना औंछा पुलिस, स्वाट टीम, सर्विलांस टीम और एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। मुखबिर की सटीक सूचना और आधुनिक पुलिस तकनीकी यक्ष ऐप (YAKSH App) की सहायता से पुलिस टीम ने नगला हार मोड़ के पास से चारों अभियुक्तों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पवन, अवि यादव, रामू (तीनों निवासी ग्राम पडरिया, औंछा) और शिवम (निवासी नगला सावज, औंछा) के रूप में हुई है।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लूटे गए रुपयों में से 1,03,400 रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल की चाबी, 2 क्रेडिट कार्ड, 3 डेबिट कार्ड, 1 आधार कार्ड, 1 पैन कार्ड, 1 डीएल, 1 वोटर कार्ड, 2 चेक बुक, 2 पासबुक, एक काला पर्स और एक विवो मोबाइल बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल, 3 मोबाइल फोन, एक 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस की इस त्वरित और सराहनीय कार्रवाई की आम जनता और स्थानीय व्यापारियों द्वारा जमकर प्रशंसा की जा रही है।

## मैनपुरी में विवाहिता की संदिग्ध मौत, फंदे से लटका मिला शव, मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

टीएनएफ टुडे, बेबर/मैनपुरी।

बेवर कस्बे के अंतर्गत शिवनगर कॉलोनी में गुरुवार रात एक 27 वर्षीय विवाहिता, अंजलि, का शव उनके कमरे में पंखे से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार तड़के करीब चार बजे जब उनके पति दीपांशु सक्सेना की आंख खुली, तो उन्होंने पत्नी को दुपट्?टे के फंदे के सहारे लटका देखा, जिसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका अंजलि का विवाह लगभग चार वर्ष पूर्व कायमगंज क्षेत्र के नगरिया कासगंज निवासी सूरज सिंह की बेटी का विवाह दीपांशु से हुआ था, और उनकी ढाई साल की एक बेटी भी है। इस घटना के बाद मृतका के पिता सूरज सिंह ने ससुराल पक्ष पर अपनी बेटी की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है, हालांकि स्थानीय लोगों के अनुसार पति-पत्नी के बीच किसी विवाद की बात सामने नहीं आई थी। पुलिस के अनुसार, मृतका के ससुर की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और रिपोर्ट व अन्य प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस अब 6 को होगा

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि राजस्व अनुभाग-4 उ.प्र. शासन के पत्र के क्रम में दि. 04 जुलाई दिन शनिवार को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस उ.प्र. शिक्षक पात्रता परीक्षा होने के फलस्वरूप दि. 06 जुलाई दिन सोमवार को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी तहसील सदर में जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों से समय से तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील कुरावली में, अपर जिलाधिकारी तहसील भोगांव में एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक तहसील करहल में जन-समस्याएं सुनेंगे।

## रासी ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वन महोत्सव

### पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

शहर के सिंधिया तिराहा स्थित रासी ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार को वन महोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) शिवम मिश्रा एवं उनकी पत्नी शांभवी त्रिपाठी ने सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण का महत्व बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या ऋचा मिश्रा एवं निदेशक राजीव कमल मिश्रा ने मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जागरूकता गतिविधियों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वन महोत्सव के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान सभी ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। प्रभागीय वन अधिकारी शिवम मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। यदि हर व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी विवेकानंद दुबे, सेक्शन अधिकारी देवेंद्र सिंह, वन दरोगा सुशील तिवारी, वन रक्षक विपिन सारस्वत, वन रक्षक निकेता पाठक, बिट्टू यादव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया।

# औद्योगिक इकाइयों के सुदृढ़ीकरण से बढ़ेंगे रोजगार, निवेश के अवसर: जिलाधिकारी

### मसाला प्रसंस्करण, केसर उत्पादन, कंट्रोल पैनल निर्माण एवं राइस मिल का किया निरीक्षण

ऋषिकान्त दुबे

**मैनपुरी।** प्रदेश सरकार की औद्योगिक विकास, कृषि आधारित उद्यमों को प्रोत्साहन तथा स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने की नीति के अनुरूप जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु के साथ जनपद की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों मै. सुभावनी स्मार्ट फॉर्म्स, मै. अदिति इंटरप्राइजेज तथा मै. सन्तलाल इंडस्ट्रीज राइस मिल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, आधुनिक तकनीक, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, विपणन व्यवस्था एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं का विस्तृत अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं उद्यमियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने मै. सुभावनी स्मार्ट फॉर्म्स में मसाला प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग इकाई का निरीक्षण करते हुए लाल मिर्च, हल्दी, केसर सहित विभिन्न मसालों की सफाई, ग्राइंडिंग, गुणवत्ता परीक्षण एवं पैकेजिंग की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया, इण्डस्ट्रीज के स्वामी ने बताया कि आधुनिक मशीनों द्वारा मसालों का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जाता है तथा आकर्षक एवं बारकोड युक्त पैकेजिंग के माध्यम से उत्पादों को बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है, निरीक्षण के दौरान पाया कि स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में महिला किसान हल्दी उत्पादन से जुड़ी हुई हैं, इन किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, तकनीकी प्रशिक्षण एवं विपणन सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।



इसी परिसर में उन्होने केसर उत्पादन परियोजना का भी अवलोकन करते हुए पाया कि नियंत्रित वातावरण एवं वैज्ञानिक तकनीक के माध्यम से केसर उत्पादन की दिशा में कार्य किया जा रहा है साथ ही केसर की प्रोसेसिंग, गुणवत्ता परीक्षण एवं पैकेजिंग की आधुनिक व्यवस्था विकसित की गई है। उन्होने कहा कि केसर जैसे उच्च मूल्य के कृषि उत्पाद आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि वैज्ञानिक संस्थानों के सहयोग से केसर उत्पादन का दायरा बढ़ाया जाए तथा इसकी ब्रांडिंग एवं विपणन की प्रभावी कार्य-योजना तैयार की जाए।

श्री त्रिपाठी ने मै. सन्तलाल इंडस्ट्रीज राइस मिल का भ्रमण कर धान से चावल तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया, इस दौरान धान की सफाई, सुखाने, मिलिंग, ग्रेडिंग, पॉलिशिंग, पैकेजिंग एवं भंडारण व्यवस्था का अवलोकन करते हुए उन्होने मिल प्रबंधन से जानकारी करने पर पाया कि आधुनिक मशीनों के माध्यम से धान का नवीन पद्धति से प्रसंस्करण कर विभिन्न ग्रेड के चावल तैयार किए जाते हैं तथा उनकी गुणवत्ता के अनुरूप पैकेजिंग कर बाजार में उपलब्ध कराया जाता है। उन्होने विभिन्न किस्मों के चावल का निरीक्षण करते हुए उनके आकार, गुणवत्ता एवं बाजार की मांग के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि किसानों से गुणवत्तायुक्त धान की खरीद को बढ़ावा दिया जाए तथा प्रसंस्करण के प्रत्येक चरण में खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन किया जाए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर तैयार चावल की ब्रांडिंग, आकर्षक पैकेजिंग एवं मूल्य संवर्धन पर विशेष ध्यान देने को कहा।

उन्होने मै. अदिति इंटरप्राइजेज का निरीक्षण कर विद्युत कंट्रोल पैनल, इलेक्ट्रिकल कैबिनेट एवं अन्य इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्माण की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया, जानकारी करने पर पाया कि इकाई में स्टील शीट की कटिंग, पंचिंग, बेंडिंग, वेल्डिंग, सफाई, पाउडर कोटिंग, पेंटिंग एवं पैकेजिंग तक की संपूर्ण प्रक्रिया आधुनिक मशीनों द्वारा संचालित है। उन्होंने विभिन्न क्षमता के कंट्रोल पैनल एवं कैबिनेट के निर्माण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता परीक्षण की जानकारी प्राप्त की, उद्यमी ने बताया कि इकाई में 05 किग्रा. से 100 किग्रा. क्षमता तक के विभिन्न प्रकार के कंट्रोल पैनल एवं औद्योगिक कैबिनेट तैयार किए जाते हैं, जिनकी आपूर्ति विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं प्रतिष्ठित कंपनियों को की जाती है।

निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि जनपद में कृषि आधारित उद्योगों, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों एवं विनिर्माण क्षेत्र के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं, स्थानीय संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग, आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन तथा प्रभावी विपणन के माध्यम से मैनपुरी को औद्योगिक एवं कृषि प्रसंस्करण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि उद्योग केवल उत्पादन का माध्यम नहीं हैं बल्कि रोजगार सृजन, किसानों की आय में वृद्धि, महिला सशक्तिकरण एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रभावी साधन भी हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग को और सुदृढ़ बनाया जाए तथा डिजिटल मार्केटिंग एवं ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से उनके विपणन को बढ़ावा दिया जाए, महिला स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों एवं स्थानीय उद्यमियों को अधिकाधिक जोड़ते हुए कृषि आधारित उद्योगों का विस्तार किया जाए ताकि जनपद में स्व-रोजगार एवं निवेश के नए अवसर सृजित हो सकें। उन्होने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली से कहा कि इंडस्ट्रीज एरिया में रात्रि में पिकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करायें, उद्यमियों एवं उद्योगों में लगे कामगारों की सुरक्षा जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है इसमें किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाये, उद्यमियों को जनपद में सुरक्षित वातावरण का एहसास हो, ऐसा माहौल सृजित किया जाये।

इस दौरान उपायुक्त उद्योग डॉ. बनवारी लाल, अधिशाषी अभियंता विद्युत अनिल वर्मा, प्रभारी निरीक्षक फतेह बहादुर सिंह के अलावा ब्लॉक प्रमुख जागीर मुनेष चौहान, उद्यमी सुनील अग्रवाल, अंकित भट्नागर, दिनेश प्रताप सिंह, विवेक चौहान, संजीव भट्नागर, राजीव भट्नागर, मंजली भट्नागर, नंदनी अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## शहीद बीएसएफ जवान की स्मृति में बन रहे स्मारक का निर्माण रुकवाने का आरोप, डीएम से लगाई न्याय की गुहार



एलाऊ।

थाना एलाऊ क्षेत्र के ग्राम ध्यानपुर मढ़ैया निवासी शहीद बीएसएफ जवान की पत्नी ने शहीद स्मारक के निर्माण में अवैध बाधा, धन उगाही और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता शीला देवी पत्नी स्वर्गीय अनार सिंह यादव ने बताया कि उनके पति बीएसएफ में तैनात थे और वर्ष 2017 में आजमगढ़ में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। उनकी स्मृति में ग्राम के नगला हुलासी रोड स्थित अपनी पैतृक भूमि पर शहीद स्थल का सुंदरीकरण और प्रतिमा स्थापना का कार्य कराया जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव ध्यानपुर के प्रमोद कुमार, मुकेश कुमार और समोद कुमार मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य जबरन रुकवा दिया। उन्होंने जेसीबी मशीन भी बंद करा दी तथा बहू रूबी देवी के साथ अभद्र व्यवहार किया। सूचना

**शहीद की पत्नी ने दबंगों पर छह लाख रुपये की मांग और लेखपाल पर 35 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का लगाया आरोप**

मिलने पर पुलिस पहुंची तो आरोपी मौके से चले गए। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि बाद में समोद कुमार ने छह लाख रुपये की मांग करते हुए कहा कि रुपये नहीं देने पर किसी भी हालत में निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल रूबी कुमारी पर भी विपक्षी पक्ष से मिलकर निर्माण कार्य रुकवाने तथा पैमाइश कराने के नाम पर 35 हजार रुपये की अवैध मांग करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि संबंधित भूमि उनकी पैतृक संपत्ति है, जिस पर वर्षों से उनका कब्जा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कराने तथा शहीद स्मारक के निर्माण कार्य को निर्बाध रूप से पूरा कराने की मांग की है।

# मुड़िया पूर्णिमा मेला: 1.5 करोड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा-सुविधा के लिए प्रशासन मुस्तैद, डीएम-एसएसपी ने की समीक्षा बैठक

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेला-2026 को भव्य सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। आगामी 23 जुलाई से 30 जुलाई 2026 आयोजित होने तक गोवर्धन में वाले इस महामेले की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी संबंधित विभागों को 15 जुलाई 2026 तक हर हाल में अपनी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।



जिलाधिकारी अधीनस्थों को निर्देश देते हुए

बैठक के दौरान जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 में 1.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु मुड़िया पूर्णिमा मेला में आए थे। इस बार भी भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए पुलिस और नागरिक प्रशासन श्रद्धालुओं पर्यटकों और परिक्रमार्थियों की सुविधाओं हेतु पूरी तरह कटिबद्ध है। इस वर्ष मेले की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि इसे पूरी तरह श्प्लास्टिक मुक्त मेलाश के रूप में मनाया जाएगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार ने बैठक में बताया कि सुरक्षा और व्यवस्था के दृष्टिकोण से पूरे मेला क्षेत्र को 09 सुपर जोनए 21 जोन तथा 62 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए 31 वॉच टावर और 183 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं जिन्हें पुलिस विभाग को हैंडओवर कर दिया गया है। इसके अलावा 3 सीसीटीवी मुख्य कंट्रोल रूम और 09 सब कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। परिक्रमा मार्ग और मेला क्षेत्र के सभी विद्युत खंभों की प्लास्टिक रैपिंग की जाएगी ताकि बारिश के मौसम में करंट उतरने का कोई खतरा न रहे। सभी क्षतिग्रस्त खंभों को हटाकर नए पोल लगाए जाएंगे और ट्रांसफार्मर की उचित फेसिंग व गार्डिंग की जाएगी। विभाग को अतिरिक्त (स्पेयर) ट्रांसफार्मर भी तैयार रखने को कहा गया है।

सड़क और परिवहन व्यवस्था को लेकर पीडब्ल्यूडी को पार्किंग स्थलों बैरिकेडिंग वॉच टावर और पार्किंग के अंदर आने-जाने वाले रास्तों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। श्रद्धालुओं के पैरों में छाले न पड़ें, इसके लिए परिक्रमा

- 23 से 30 जुलाई तक सजेगी आस्था की नगरी

मार्ग पर मिट्टी डलवाई जाएगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि अन्योर सहित पूरे मेला क्षेत्र में कहीं भी जलभराव की समस्या नहीं होनी चाहिए और बड़े नालों की सफाई तुरंत पूरी की जाए।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी 22 चिकित्सा शिविरों पर डॉक्टरों की 24 घंटे उपस्थिति सुनिश्चित हो। मेले में 05 मोटरसाइकिल एम्बुलेंस टीमें और 14 बड़ी एम्बुलेंस तैनात रहेंगी। आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी शिविरों और सरकारी व निजी अस्पतालों में एंटी. वेनम (सांप काटने की दवा) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

गोवर्धन और राधाकुंड क्षेत्र को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करने के लिए उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मेले के दौरान त्वरित कार्रवाई के लिए एक इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनाया जाएगा जिसमें स्वास्थ्य पुलिस बिजली रोडवेज अग्निशमन और नगर पंचायत सहित सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारी एक ही छत के नीचे बैठकर 24 घंटे मॉनिटरिंग करेंगे। मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग सख्त कार्रवाई करेगाए लेकिन कार्रवाई के नाम पर किसी भी व्यापारी या होटल संचालक का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं दूसरी और सुरक्षा की दृष्टि से 02 प्लाटून, एसडीआरएफ की 01 टीम (मानसी गंगा पर) और पीएसी की 02 कंपनियां मुस्तैद रहेंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 1100 रोडवेज बसें और 54 गिर्राज मोबाइल वाहन चलेंगे। ई-रिक्शा चालकों के लिए नियम तय होंगे। 140 हैंडपंप, 30 पानी के टैंकर, 17 आरओ सिस्टम और 25 मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएंगे।

## माथुर चतुर्वेद परिषद के त्रिवार्षिक चुनाव: नामांकन प्रक्रिया शुरू, 14 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा



टीएनएफ टुडे, मथुरा।

माथुर चतुर्वेद परिषद के त्रिवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया आज से विधिवत रूप से आरंभ हो गई है। नामांकन के पहले दिन विभिन्न पदों के लिए कुल 14 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, नामांकन प्रक्रिया अत्यंत सौहार्दपूर्ण और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुई।

पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए राजन पाठक (01 नामांकन) किया, जबकि महामंत्री पद के लिए संजय चतुर्वेदी एल्पाइन (01 नामांकन), उपाध्यक्ष पद हेतु योगेंद्र चतुर्वेदी, देवेंद्र चतुर्वेदी, कमल चतुर्वेदी मौला और राजेश चतुर्वेदी (कुल 04 नामांकन), मंत्री पद हेतु संजय चतुर्वेदी, हरदेव चतुर्वेदी, श्याम मोनू चतुर्वेदी, अनिरुद्ध चतुर्वेदी, अनिल चतुर्वेदी श्पमपमश और सुशांत चतुर्वेदी (कुल 06 नामांकन) जबकि आय-व्यय निरीक्षक (ऑडिटर) हेतु आशीष चतुर्वेदी (01 नामांकन) किया है।

चुनाव अधिकारी उमेश चतुर्वेदी और संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच शनिवार (आज) की जाएगी। परिणाम घोषणा आगामी 5 तारीख को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समन्वय समिति की बैठक होगी, जिसके बाद दोपहर 12 बजे विजयी प्रत्याशियों के नामों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत, 5 तारीख की शाम 4 बजे विश्राम घाट पर यमुना पूजा का आयोजन किया गया है।

## कासंगज के उद्यमी गोपाल माहेश्वरी को सीएम ने किया सम्मानित

- लखनऊ में आयोजित किया गया था आम महोत्सव
- उम्दा एवं वैरायटी आम के उत्पादन के लिए दिया गया सम्मान

टीएनएफ टुडे, कासंगज।



टीएनएफ टूडे ब्यूरो, कासगंजः शुक्रवार को लखनऊ में प्रदेश सरकार द्वारा आम महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसने प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से भी आम उत्पादकों ने भाग लिया था। आम उत्पादकों द्वारा स्टाल लगाकर आम का प्रदर्शन किया गया। कासगंज शहर से उद्यमी गोपाल माहेश्वरी द्वारा अपने यहां उत्पादित उम्दा आम का स्टाल लगाकर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल उद्योग मंच के जिला अध्यक्ष आम उत्पादक गोपाल माहेश्वरी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

श्री महेश्वरी को सम्मानित किए जाने पर राकेश बिड़ला एडवोकेट, नवीन गौड, योगेश चंद्र गौड, विनीत अग्रवाल, नीरज गुप्ता, संजीव मराठा, मुकेश शर्मा, सुनील कावर, संजय धुपड, संजीव दरक, नीरज लाहोटी, मुकेश बंसल, कमल गुप्ता, सम्राट सरदा एडवोकेट, गिर्राज माहेश्वरी, जितेंद्र वार्ष्णेय, किशोर अग्रवाल, जयप्रकाश गुप्ता, वैभव बिड़ला, दीपक गुप्ता, नीरज माहेश्वरी विनीत मूना, राजेश शारदा, प्रदीप कावरा, कृष्ण मुरारी दारगढ़, किशन शक्की, नीरज जैन, लक्ष्मी कांत माहेश्वरी, विनय माहेश्वरी, ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

## कोसीकलां पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, एक सिपाही घायल, एक बदमाश गिरफ्तार

मथुरा। जनपद मथुरा के कोसीकलां थाना क्षेत्र में आज पुलिस और बदमाशों के बीच हुई एक भीषण मुठभेड़ में पुलिस टीम ने एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में पुलिस टीम का एक सिपाही भी घायल हुआ है, जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहा।

थाना कोसीकलां पुलिस टीम न्यू कोसी गोपालबाग बाईपास रोड पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी।

## एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाग्रस्त कार से मिला करीब 21 किलो गांजा

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त हुई एक कार से मांट पुलिस ने 21 किलो 838 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार रात थाना मांट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जाबरा टोल प्लाजा के पास सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त होकर खड़ी एक कार में संदिग्ध सामान रखा हुआ है। सूचना पर पहुंची



पुलिस ने कार की तलाशी ली, जिसमें एक थैले से 21 किलो 838 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि मामले में दिल्ली निवासी दिनेश पुत्र नरेश कुमार तथा बिहार के सुपौल निवासी जयप्रकाश चौधरी पुत्र नागेश्वर चौधरी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार बरामद गांजा कहां से लाया जा रहा था और किस स्थान पर इसकी आपूर्ति की जानी थी, इसकी जांच की जा रही है। मामले में आरोपियों की तलाश के साथ-साथ पूरे नेटवर्क का भी पता लगाया जा रहा है।

## बारिश ने खोली शहर की पोल, जलभराव से थमा यातायात



टीएनएफ टुडे, मथुरा।

शुक्रवार दोपहर हुई करीब आधे घंटे की झमाझम बारिश ने जहां उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत दिलाई वहीं शहर की जल निकासी व्यवस्था की भी पोल खोल दी। तेज बारिश के बाद शहर के कई प्रमुख मार्गों और बाजारों में जलभराव हो गया जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर वाहन पानी में फंस गए और लोगों को जाम तथा आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा खराब स्थिति तीनो रेलवे पुल के साथ हाइवे के संपर्क रोड सहित चौक बाजार स्वामी घाट विश्राम बाजार छत्ता बाजार होलीगेट धौली प्याऊ कृष्णानगर आदि में दिखाई दी। सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे और उमस के कारण लोग बेहाल थे। दोपहर में पहले हल्की बूंदाबांदी हुई और उसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहावना हो गया लेकिन शहर की सड़कों पर पानी भरने से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सबसे अधिक समस्या भूतेश्वर तिराहास्थित रेलवे पुल के नीचे देखने को मिली जहां भारी जलभराव के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन पानी में फंस गए। पुल के नीचे से गुजरने वाले लोगों को भी काफी कठिनाई हुई। रेलवे की चौथी लाइन बिछाने का निर्माण कार्य पहले से ही यहां यातायात को प्रभावित कर रहा है और बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो गई। कुछ समय के लिए यहां जाम जैसे हालात बने रहे।

पुराना बस स्टैंड नया बस स्टैंड भूतेश्वर फ्लाई ओवर के नीचे होली गेट छत्ता बाजार स्वामी घाट और चौक बाजार सहित कई क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भर गया। ढलान होने के कारण स्वामी घाट की ओर तेज गति से पानी बहता रहा जिससे सड़क नहर जैसी दिखाई देने लगी। छत्ता बाजार में नीचे बनी कई दुकानों में पानी घुस गया जिससे दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ा। श्रीजी बाबा आश्रम परिसर स्थित दुकानों में भी बारिश का पानी भर गया। स्थानीय लोगों का कहना था कि केवल आधे घंटे की बारिश ने नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी। लोगों का कहना था कि यदि लगातार दो या तीन घंटे बारिश होती तो शहर के हालात और अधिक खराब हो सकते थे। बारिश के दौरान कई वाहन चालकों ने अपनी रफ्तार धीमी कर दी जबकि दोपहिया चालक पुलों और दुकानों के

शेड के नीचे बारिश रुकने का इंतजार करते दिखाई दिए। दूसरी ओर बच्चों और युवाओं ने बारिश का आनंद भी लिया।

## इस बार 06 को आयोजित होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

मथुरा। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टेट) 2026 की दिनांक 02, 03 व 04 जुलाई, 2026 को परीक्षा के परिप्रेक्ष्य में सम्पूर्ण समाधान दिवस को दिनांक 04 जुलाई 2026 (दिन शनिवार) के स्थान पर दिनांक 06 जुलाई 2026 (दिन सोमवार) को आयोजित किया जाएगा।

उ०प्र० शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टेट) 2026 दिनांक 02, 03 व 04 जुलाई 2026 के दृष्टिगत दिनांक 04-07-2026 (माह के प्रथम शनिवार) को आहूत होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस को दिनांक 04-07-2026 (दिन शनिवार) के स्थान पर दिनांक 06-07-2026 जुलाई, 2026 (दिन सोमवार) को आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस से पूर्व गांधी पार्क एवं ऊपरकोट जामा मस्जिद के सामने लहराएगा शहर का सबसे ऊंचा तिरंगा

टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

आगामी 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहरवासियों में राष्ट्रप्रेम राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के सम्मान की भावना को और अधिक जागृत करने के उद्देश्य से स्थानीय पार्षदो के सुझाव पर महापौर व नगर आयुक्त ने एक महत्वपूर्ण पहल प्रारंभ की है। महापौर प्रशान्त सिंघल व नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा की पहल पर गांधी पार्क तथा ऊपरकोट जामा मस्जिद शहर के दो प्रमुख स्थलों पर अत्यधिक ऊँचाई वाले राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किए जाएंगे जो शहर के सबसे ऊँचे तिरंगों में शामिल होंगे।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने गत दिनों गांधी पार्क एवं ऊपरकोट जामा मस्जिद के सामने स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों



स्थानों की भौगोलिक स्थिति सुरक्षा आधार संरचना तथा आमजन की पहुँच का सत्यापन किया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से तिरंगा स्थापित की समस्त तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा कि शहर के इन दोनों प्रमुख स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज को लगाए जाने की पहल सराहनीय है तिरंगा केवल राष्ट्रध्वज नहीं बल्कि देश की अस्मिता गौरव बलिदान और करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का प्रतीक है।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि स्थानीय पार्षदो के सुझाव पर ऐसे प्रतिष्ठित स्थलों पर विशाल तिरंगे की स्थापना से युवाओं विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना और अधिक प्रबल होगी। साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर वीर सपूतों के त्याग और बलिदान को नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का संदेश भी मिलेगा।

उन्होंने कहा नगर निगम द्वारा स्वतंत्रता दिवस से पूर्व दोनों स्थलों पर उच्च गुणवत्ता के ध्वज स्तंभ एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी, जिससे राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर शहरवासी आधुनिक गांधी पार्क तथा ऐतिहासिक ऊपरकोट क्षेत्र में शान एवं गौरव के साथ लहराते हुए विशाल तिरंगे के दर्शन कर सकेंगे।

## ओजोन सिटी नाला (जाफरी ड्रेन) पर निर्माणाधीन 7 पुलियों का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

### सुरक्षा मानकों के साथ युद्धस्तर पर कार्य पूर्ण करने के नगर आयुक्त के निर्देश, बारिश के दौरान विशेष सतर्कता बरतने पर जोर

टीएनएफ टुडे, अलीगढ़।

नगरीय जनसुविधाओं को प्रभावी एवं सुगम बनाने तथा स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने शुक्रवार को निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ओजोन सिटी नाला (जाफरी ड्रेन) पर नगर निगम द्वारा निमार्णाधीन 7 पुलियों का स्थलीय निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निमार्णाधीन सभी पुलियों की प्रगति का भौतिक सत्यापन किया तथा निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थल पर पर्याप्त बेरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रमिकों के लिए हेलमेट, सेफ्टी जैकेट सहित सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।

नगर आयुक्त ने सहायक अभियंता (निर्माण) अखंड प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि वर्तमान वषार्काल को देखते हुए निर्माण कार्य के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए उन्होंने कहा कि भारी वर्षा की स्थिति में यदि नाले के कटान अथवा जलस्तर बढ़ने जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हों तो उनसे निपटने हेतु आवश्यक सामग्री, मशीनरी एवं उपकरण निर्माण स्थल पर पहले से उपलब्ध रहें। साथ ही सभी श्रमिकों से सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन कराया जाए।

नगर आयुक्त ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि सभी सातों पुलियों का निर्माण कार्य गुणवत्ता से समझौता किए बिना युद्धस्तर पर संचालित करते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि ओजोन सिटी क्षेत्र में निमार्णाधीन पुलियां स्थानीय आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बारिश के मौसम में निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारी गुणवत्ता सुरक्षा और समयबद्धता तीनों मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें।

## रालोद को नई मजबूती, प्रीतम सिंह प्रमुख बने जिलाध्यक्ष

### जयंत चौधरी का बड़ा फैसला, जमीनी नेता को सौंपी जिम्मेदारी

मथुरा।

राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन को मथुरा जिले में जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में वरिष्ठ किसान नेता चौ. प्रीतम सिंह प्रमुख को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

प्रीतम सिंह प्रमुख जनपद मथुरा के लोकप्रिय, संघर्षशील और जमीनी नेता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। उन्होंने गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2012 और 2022 में मजबूती से चुनाव लड़ा था। इसके अलावा वर्ष 1995 में वे उत्तर प्रदेश के सबसे कम उम्र के प्रधान निर्वाचित हुए। वे दो बार प्रधान रह चुके हैं और समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पद पर भी दो बार कार्य कर चुके हैं। साथ ही अजीत सेना के जिलाध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने संगठन को मजबूत किया।

प्रीतम सिंह लंबे समय से किसानों, मजदूरों, युवाओं और आमजन के हितों के लिए सक्रिय रूप से संघर्षरत रहे हैं। क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ और व्यापक जनाधार माना जाता है।उनका परिवार भी सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में लंबे समय से सक्रिय रहा है। उनकी माताजी एवं उनके छोटे भाई गोवर्धन के ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।प्रीतम सिंह प्रमुख मथुरा के प्रमुख उद्योगपतियों में भी गिने जाते हैं। उन्होंने सामाजिक सेवा, रोजगार सृजन और क्षेत्र के आर्थिक विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उनके परिवार की देशसेवा की परंपरा भी उल्लेखनीय है।

दो भाई भारतीय सेना में अधिकारी हैं, जबकि एक भाई दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। अपने मनोनयन पर प्रीतम सिंह प्रमुख ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष रॉय और क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश चाहर का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि वे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न की किसान-हितैषी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए किसानों, कामगारों, युवाओं, गांव और गरीबों की आवाज बनेंगे। उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि वे मथुरा जिले में राष्ट्रीय लोक दल के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे तथा सभी नेताओं और कार्यकताओं को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ समन्वय और संवाद को भी आवश्यक बताया।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday
tnftoday
www.tnftoday.com / epaper
आगरा, शनिवार
4.07.2026


# बेन स्टोक्सः 'मेरा समय समाप्त हो गया था'

एजेंसी, लंदन।

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच हाल में संपन्न 3 टेस्ट मैचों की सीरीज इंग्लैंड की हार के साथ समाप्त हुई। इंग्लैंड ने इस घरेलू सीरीज में 2 टेस्ट गंवाए, जबकि 1 टेस्ट में जीत हासिल की। इंग्लैंड की हार से ज्यादा तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करने वाले बेन स्टोक्स की चर्चा रही। पिछले करीब डेढ़ दशक में इंग्लैंड के लिए तीनों ही फॉर्मेट में सबसे अहम खिलाड़ी बनकर उभरे स्टोक्स का अचानक संन्यास लेना इंग्लैंड क्रिकेट टीम के सदस्यों, पूर्व क्रिकेटरों और दुनियाभर के क्रिकेट फैंस के लिए हैरानी भरा था। स्टोक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावनात्मक पोस्ट साझा की है और अपने करियर और टीम से जुड़े दिल छू लेना वाले भाव साझा किए हैं। स्टोक्स की पोस्ट को इंग्लैंड क्रिकेट ने भी अपने एक्स प्लेटफॉर्म पर साझा किया है।

## संन्यास के बाद पूर्व कप्तान का दिल छूने वाला संदेश




दिग्गज ऑलराउंडर ने अपनी पोस्ट में लिखा, "ये 15 साल बहुत मजेदार रहे हैं। इसमें सबसे ऊंचे से लेकर सबसे निचले स्तर तक (मैदान पर और मैदान के बाहर) का अनुभव सब कुछ शामिल रहा। मेरा समय खत्म हो गया था, और मेरे अलावा कोई और यह फैसला नहीं ले सकता था।"

उन्होंने लिखा, "मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मैं इंग्लैंड के हर एक फैन और हर एक क्रिकेट फैन से प्यार करता हूं जिन्होंने इतने सालों तक मेरा साथ दिया है। मैं हर उस इंसान से प्यार करता हूं जिसके साथ मैं इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने मैदान पर गया हूं। मैं और भी बहुत कुछ कह सकता हूं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि आप समझ गए होंगे कि मुझे 15 साल तक जो करना था, वह कितना पसंद आया।"

स्टोक्स ने अंत में लिखा, "मैं एक फैन बनने और टीम को सपोर्ट करने के लिए उत्सुक हूं। परिवार, दोस्त, साथी खिलाड़ियों, फैन्स, मैं आप सभी से प्यार करता हूं।" 2019 वनडे विश्व कप और 2022 टी20 विश्व कप में इंग्लैंड को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले 35 साल के स्टोक्स ने 2011 में इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया था। स्टोक्स ने अपने 15 साल के करियर में इंग्लैंड के लिए 122 टेस्ट, 114 वनडे, और 43 टी20 मैच खेले।

# महिला टी20 विश्व कप: 'हम मजबूती के साथ आएंगे'

**लंदन ।** दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम का टी20 विश्व कप जीतने का सपना एक बार फिर टूट गया है। दक्षिण अफ्रीका को गुरुवार को 'द ओवल' में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही दक्षिण अफ्रीका का महिला टी20 विश्व कप 2026 में सफर समाप्त हो गया। दक्षिण अफ्रीका की हार के बाद हेड कोच मंडला माशिम्बी का कहना है कि टीम और मजबूत होकर उभरेगी। मैच के बाद माशिम्बी ने कहा, "आप बस हारते हैं और सीखते हैं। हमने इस विश्व कप में बहुत कुछ सीखा है। हम ड्राइंग बोर्ड पर वापस जाएंगे और ऐसी चीजें करेंगे जो हमें एक टीम के तौर पर और भी खतरनाक और बेहतर बनाएंगी। हमें पता है कि हमारी कमियां कहां हैं, और हम असल में बस इतना ही कर सकते हैं। हम नतीजे नहीं बदल सकते। यह आगे बढ़ने के लिए हमारी मेहनत के बारे में है। हम यह पक्का करना चाहते हैं कि जब हमें वर्ल्ड कप या आईसीसी ट्रॉफी टूर्नामेंट में खेलने का दूसरा मौका मिले, तो हम दूसरी टीमों के साथ मुकाबला कर रहे हों।" दक्षिण अफ्रीका बेशक फाइनल में नहीं पहुंची, लेकिन टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा। ओपनर तंजामिन ब्रिट्स 225 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं। वहीं, अनुभवी गेंदबाज मारिजेन कैप और शबनीम इस्माइल, दोनों ने छह मैचों में आठ-आठ विकेट लिए।

फीफा वर्ल्ड कप

# रोनाल्डो के नाम बड़ी उपलब्धि, नॉकआउट मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

एजेंसी, पुर्तगाल।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराया। पुर्तगाल की ओर से क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी पर एक शानदार गोल दागा। इस मुकाबले में मैदान पर उतरने के साथ ही रोनाल्डो फीफा वर्ल्ड कप इतिहास का नॉकआउट मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। रोनाल्डो ने 41 साल और 147 दिन की उम्र में यह मुकाबला खेला। इसके साथ ही रोनाल्डो नॉकआउट मुकाबले में गोल करने वाले भी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। उन्होंने पूर्व खिलाड़ी पेपे का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 39 साल और 283 दिन की उम्र में यह मुकाम हासिल किया था। रोनाल्डो के अलावा, पुर्तगाल की ओर से गोंजालो रामोस ने निर्णायक गोल किया। क्रोएशिया के खिलाफ मिली जीत के साथ ही पुर्तगाल ने राउंड ऑफ 16 का टिकट हासिल कर लिया है। मुकाबले के पहले हाफ में पुर्तगाल और क्रोएशिया की ओर से कोई भी गोल नहीं हुआ। दोनों टीमों के डिफेंस ने शुरूआती 45 मिनटों में जबरदस्त खेल दिखाया। हालांकि, दूसरे हाफ के आगाज के साथ ही इवान पेरिसिच ने क्रोएशिया को मुकाबले में 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इस बढ़त को पुर्तगाल ने ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रहने दिया। रोनाल्डो ने पेनल्टी के रूप में मिले शानदार मौके को भुनाते हुए बेहतरीन गोल दागा और स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।



इसके बाद इंजरी टाइम में राफेल लियाओ के बेहतरीन पास पर रामोस ने पुर्तगाल की तरफ से दूसरा गोल करते हुए टीम की जीत पर मुहर लगा दी। अतिरिक्त समय में क्रोएशिया की ओर से मारियो पासालिक ने गोल किया, लेकिन मारियो के ऑफसाइड होने की वजह से गोल को अमान्य करार दे दिया गया और क्रोएशिया का जश्न जल्द ही दुख में तब्दील हो गया। यह क्रोएशिया के दिग्गज खिलाड़ी लुका मॉड्रिक का आखिरी विश्व कप मुकाबला भी रहा। मैच के बाद रोनाल्डो मॉड्रिक से गले मिलते हुए भी नजर आए। पुर्तगाल ने जीत के साथ राउंड ऑफ 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है। वहीं, हार के साथ क्रोएशिया का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है।

# मनोरंजन

# 'हमारा परिवार अब पूरा होगा', दूसरी बार मां बनने वाली हैं केली कुओको

लोकप्रिय शो 'द बिग बैंग थ्योरी' में पेनी का किरदार निभाकर दुनियाभर में पहचान बनाने वाली हॉलीवुड एक्ट्रेस केली कुओको जल्द ही दूसरी बार मां बनने वाली हैं। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह जानकारी देते हुए बताया कि उनके घर जल्द ही एक और नन्हा मेहमान आने वाला है। इस खबर के सामने आते ही उनके फैंस और मनोरंजन जगत के कई लोगों ने उन्हें बधाई देना शुरू कर दिया। केली ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में सोनोग्राम, परिवार के साथ बिताए गए खास पल और एक्ट्रेस का बेबी बंप भी नजर आ रहा है। तस्वीरों के साथ केली ने कैप्शन में लिखा, "हमारा परिवार अब पूरा होने जा रहा है। यह मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। दूसरी बार मां बनने का सफर पहले की तुलना में थोड़ा अलग और कुछ मामलों में ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन मैं इस पल के लिए बेहद खुश और आभारी हूं।"

बता दें कि केली कुओको और अभिनेता टॉम पेल्फ्रे, दोनों पहली बार मई 2022 में हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम सेरेमनी में साथ दिखाई दिए थे। इसके बाद दोनों के रिश्ते को लेकर चर्चाएं शुरू हुईं। कुछ समय बाद केली ने अपनी रिलेशनशिप को कन्फर्म किया। करीब पांच महीने बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर जानकारी दी कि वह अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। मार्च 2023 में उन्होंने अपनी बेटी मटिल्डा को जन्म दिया। बेटी के जन्म के बाद दोनों अक्सर उसके साथ बिताए गए खूबसूरत पलों की तस्वीरें शेयर करते रहे। इसके बाद 2024 में केली और टॉम ने अपनी सगाई की घोषणा की।

टॉम पेल्फ्रे भी अभिनय जगत का एक जाना-पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने कई लोकप्रिय शोज और फिल्मों में काम किया है, जिनमें 'ओजार्क', 'मैनक' और 'आयरन फिस्ट' जैसे नाम शामिल है। वहीं केली कुओको का करियर भी काफी सफल रहा है। उन्होंने 'द मैन फ्रॉम टोरंटो', 'रोल प्ले', 'मीट क्यूट' और 'व्हाई हिम?' जैसे चर्चित फिल्मों में काम किया।



# क्या प्रिंस नरूला और युविका चौधरी के रिश्ते में आई दरार?



**प्रिंस नरूला और युविका चौधरी एक बार फिर ट्रेंड कर रहे हैं। इस बार वजह बना है उनका सोशल मीडिया, जहां फैंस ने नोटिस किया कि दोनों ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। इसके बाद से ही उनके रिश्ते को लेकर तरह-तरह की बातें शुरू हो गई हैं। सोशल मीडिया पर लोग अंदाजा लगाने में लगे हैं कि क्या उनके रिश्ते में सब ठीक नहीं है या फिर ये सिर्फ एक छोटा सा ऑनलाइन बदलाव है।**

### क्यों ट्रेंड कर रहे हैं प्रिंस और युविका?

जब फैंस को पता चला कि दोनों एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो नहीं कर रहे हैं, तो यह खबर तेजी से वायरल हो गई। कई लोग इसे उनके रिश्ते में आई परेशानी से जोड़कर देखने लगे। लेकिन कुछ बातें ऐसी भी हैं, जो इशारा करती हैं कि शायद मामला इतना गंभीर नहीं है। जैसे प्रिंस के इंस्टाग्राम नाम में अभी भी ह्यप्रिंस युविका नरूलाह्न लिखा हुआ है। इसके अलावा, दोनों ने अपने साथ की कोई फोटो या पोस्ट डिलीट नहीं की है। इससे लगता है कि यह सिर्फ सोशल मीडिया का एक छोटा बदलाव भी हो सकता है।

### ह्यबिग बॉसह्न से शुरू हुई थी लव स्टोरी

प्रिंस नरूला और युविका चौधरी की मुलाकात 2015 में ह्यबिग बॉस 9ह्न के दौरान हुई थी। शो में उनकी दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। शो के बाद भी दोनों का रिश्ता मजबूत होता गया और फैंस ने उन्हें ह्यप्रिविकाह्न नाम दे दिया। कई साल तक डेट करने के बाद दोनों ने 12 अक्टूबर 2018 को शादी कर ली। उनकी शादी में परिवार और इंडस्ट्री के कई बड़े नाम शामिल हुए थे। इसके बाद से दोनों अक्सर अपनी जिंदगी की झलकियां फैंस के साथ शेयर करते रहे हैं।

### 2024 में बेटी का हुआ जन्म

अक्टूबर 2024 में प्रिंस और युविका के घर खुशियां आईं, जब उन्होंने अपनी बेटी इकलीन नरूला का स्वागत किया। यह बच्ची क्ष्क्र के जरिए हुई थी। शुरूआत में कपल ने अपनी बेटी को सोशल मीडिया से दूर रखा, लेकिन 5 नवंबर 2025 को गुरु नानक जयंती के मौके पर उन्होंने पहली बार बेटी को लोगों के सामने दिखाया।

### पहले भी उठ चुके हैं अलग होने के सवाल

यह पहली बार नहीं है जब दोनों के रिश्ते को लेकर सवाल उठे हैं। इससे पहले युविका की प्रेग्नेंसी के दौरान भी ऐसी खबरें आई थीं कि वह अपनी मां के घर रह रही हैं, जिससे लोगों ने समझा कि दोनों अलग रह रहे हैं। बाद में युविका ने बताया कि वह बेहतर देखभाल के लिए वहां गई थीं और उनके घर में रेनोवेशन चल रहा था।

इसके अलावा, 2024 में कुछ अफवाहें यह भी फैली थीं कि प्रिंस अपनी बेटी के जन्म के समय मौजूद नहीं थे, लेकिन ये खबरें भी कभी सच साबित नहीं हुईं। 2025 के अंत में भी एक वीडियो को लेकर गलतफहमियां हुई थीं।

# फतेहपुर सीकरी की राजनीति के बेबाक नायक और युवाओं के चहेते जीडी चाहर

**फतेहपुर सीकरी की माटी के बेबाक और दबंग युवा जननायक जीडी चाहर के राजनैतिक संघर्ष की पूरी कहानी**

**संघ के स्वयंसेवक से लेकर विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक तक जानिए कैसे तपा है जीडी चाहर का यह सांगठनिक व्यक्तित्व**

**छात्रसंघ उपाध्यक्ष पद की ऐतिहासिक विजय से लेकर क्षेत्र के सामाजिक कार्यों में सर्वोच्च योगदान देने वाले युवाओं के चहेते जीडी चाहर**

**फतेहपुर सीकरी विधानसभा क्षेत्र में युवाओं की पहली पसंद और निडर छवि के धनी जीडी चाहर की प्रखर राजनीति**

जब किसी क्षेत्र की राजनीति में एक ऐसा युवा नेतृत्व उभरता है जिसके पास सांगठनिक निष्ठा का लंबा अनुभव हो और जनता की सेवा करने का निडर जज्बा हो तो वह समूचे समाज का सिरमौर बन जाता है। फतेहपुर सीकरी की पावन और ऐतिहासिक राजनैतिक धरा पर इस समय एक ऐसा ही दबंग बेबाक और लोकप्रिय चेहरा अपनी प्रखर पहचान बना चुका है जिसे लोग जीडी चाहर के नाम से जानते है। अपनी बेबाक छवि अपनी कड़क कूटनीति और सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने की वजह से जीडी चाहर आज फतेहपुर सीकरी विधानसभा क्षेत्र के युवाओं की सबसे पहली और सबसे पसंदीदा पसंद बन चुके हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे किसी भी मंच पर अपनी बात को बिना किसी भय के बहुत ही कड़े और साफ शब्दों में रखते हैं जिससे समाज का शोषित वर्ग स्वयं को उनके बहुत करीब महसूस करता है।

### संघ के प्राथमिक वर्ग से शुरू हुआ राष्ट्र सेवा का पावन सफरनामा

जीडी चाहर के इस गौरवमयी राजनैतिक सफर की नींव आज से दो दशक पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रवादी वैचारिक पाठशाला में पड़ी थी। उन्होंने वर्ष 2004 में अत्यंत कम आयु में संघ के प्राथमिक शिक्षा वर्ग के स्वयंसेवक के रूप में अपने सार्वजनिक

**सियासी सिरमौर**

जीवन की शुरूआत की थी। इसके पश्चात राष्ट्र सेवा के इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने वर्ष 2006 में संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष का कड़ा प्रशिक्षण पूरी निष्ठा के साथ प्राप्त किया जिससे उनके भीतर राष्ट्रवाद और समाज सेवा के संस्कार और गहरे हो गए। संघ की इसी कड़े अनुशासन की पृष्ठभूमि ने उनके व्यक्तित्व को एक ऐसी मजबूत ऊर्जा प्रदान की जिसके बल पर वे आगे चलकर छात्र राजनीति और मुख्यधारा की राजनीति के एक बड़े स्तंभ बनकर उभरे।

### विद्यार्थी परिषद में सांगठनिक कूटनीति और छात्रसंघ चुनाव में ऐतिहासिक विजय

वर्ष 2008 में जीडी चाहर देश के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जीवंत संपर्क में आए और इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वर्ष 2009 में परिषद के अभ्यास वर्ग को पूरा करने के बाद उनकी अद्भुत नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें जिला संयोजक और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण और सांगठनिक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अपनी प्रखर कार्यशैली के बल पर उन्होंने कॉलेज परिसरों से लेकर सड़कों तक छात्रों की आवाज को बुलंद किया। उनके इसी संघर्ष का सुखद परिणाम वर्ष 2015 में देखने को मिला जब वे विद्यार्थी परिषद के पैनल तले ऐतिहासिक छात्रसंघ चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर भारी मतों से विजयी हुए और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक मजबूत प्रहरी बने।




### फतेहपुर सीकरी की सक्रिय राजनीति और सामाजिक कार्यों में सर्वोच्च योगदान

जीडी चाहर केवल सांगठनिक स्तर पर ही सक्रिय नहीं रहे हैं बल्कि फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में हर नागरिक के सुख दुख में शामिल होना उनकी जीवनशैली का मुख्य हिस्सा है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यों और विकास की योजनाओं में उनका योगदान हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहता है। अपनी इसी भारी लोकप्रियता और जन समर्थन के बल पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व के सम्मुख अपनी मजबूत दावेदारी भी पेश की थी। भले ही सत्ता के समीकरण कुछ भी रहे हों परंतु क्षेत्र की जनता और विशेष रूप से युवा वर्ग के दिलों में उनके प्रति स्नेह और सम्मान निरंतर बढ़ता ही गया। आज फतेहपुर सीकरी की विधानसभा सीट पर युवाओं के बीच उनका नाम काफी लोकप्रिय है और उनकी निडर व बेबाक छवि के सामने विरोधी भी अपनी राजनैतिक जमीन को खिसकता हुआ महसूस करते हैं।

नोट- सियासी सूरमा कॉलम में हम उन व्यक्तित्वों की कहानी प्रकाशित करते हैं जिनके पास 10 सालों का सक्रिय राजनीतिक अनुभव है और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा है। अगर आप भी खुद को मानते हैं सियासी सूरमा, तो अपनी कहानी हमें हमारे व्हाट्सएप नबंर 9412359817 पर भेजें।